दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-125 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 24 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## 15 जिंदगियां निगलने वाली बिल्डिंग को जमींदोज करेगा LDA, लखनऊ अग्निकांड पर प्रशासन का बड़ा एक्शन



लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में हुए भीषण अग्निकांड के मामले में प्रशासन का हंटर लगातार चल रहा है। जिस बहुमंजिला इमारत में लगी भयानक आग ने 15 बेगुनाह लोगों की दर्दनाक जान ले ली थी, अब उस मनहूस बिल्डिंग को पूरी तरह से मिट्टी में मिलाने की तैयारी कर ली गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) ने इस खतरनाक हो चुकी इमारत को ढहाने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है, जिसके बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।राजधानी लखनऊ को दहला देने वाले इस अग्निकांड के बाद से ही जिला प्रशासन और एलडीए लगातार सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। घटना के बाद जब इस इमारत की जांच की गई तो कई खामियां और अवैध निर्माण की बातें सामने आईं। हादसे की गंभीरता और भविष्य के खतरों को देखते हुए अब लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए अलीगंज स्थित इस बिल्डिंग के मालिक को इसे गिराने का नोटिस थमा दिया है।

जल्द ही इस इमारत पर बुलडोजर गरजने की संभावना हैआपको बता दें कि पिछले दिनों अलीगंज की इस इमारत में अचानक भीषण आग भड़क उठी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिल पाया था। इस दिल दहला देने वाले हादसे में दम घुटने और बुरी तरह झुलसने की वजह से 15 लोगों ने तड़प-तड़प कर अपनी जान दे दी थी।

### इमारत और एनिमेशन सेंटर के मालिक समेत 4 गिरफ्तार, 4 अधिकारी भी निलंबित

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को एक व्यावसायिक इमारत में लगी आग के बाद पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने अलीगंज थाने में 6 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें इमारत के मालिक और एनिमेशन सेंटर के संचालक समेत 4 गिरफ्तार किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 4 संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने सोमवार रात को इमारत के मालिक मदेयगंज निवासी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला, पेट शॉप के मालिक अलीगंज निवासी रामकृष्ण उपाध्याय, एनिमेशन सेंटर के संचालक बालागंज निवासी तूशॉक कृष्णा जायसवाल और किरायेदार सुरेश कुमार शाहू निवासी केशवनगर को गिरफ्तार कर लिया है।

## कॉकरोच जनता पार्टी ने डायपर दान अभियान शुरू किया, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेजे जाएंगे

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के पेपर लीक के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन जंतर-मंतर पर जारी है। पार्टी ने मंगलवार को विरोध को धार देने के लिए डायपर दान अभियान शुरू किया है। उसने सभी समर्थकों से डायपर लेकर आने को कहा है, जिस पर इस्तीफे की मांग लिखकर शिक्षा मंत्री को भेजा जाएगा। इससे पहले पार्टी ने थाली और चम्मच लेकर आने को कहा था। पार्टी ने अभियान के तहत एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें धर्मेंद्र प्रधान डायपर पहने और मुंह में बच्चों का निप्पल लगाएं खड़े हैं। उनको एक बच्चे की तरह प्रदर्शित किया गया है। इसमें लिखा है, रोज एक डायपर, लीकेज से बचाव। डायपर डोनेशन ड्राइव की शुरुआत। आज शाम 6 बजे जंतर-मंतर पर। एक डायपर लाएं, उस पर उनके इस्तीफे की अपनी मांग लिखें। हम यह पक्का करेंगे कि वह शिक्षा मंत्री तक पहुंच जाए।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल में आदिरंग शिल्पकार महोत्सव 2026 में शिल्प कृतियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच पूरी, अब होगा एक्शन, SIT ने गृह विभाग को सौंपी रिपोर्ट



लखनऊ (ए.)। उअयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित हेरफेरी और चोरी के मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दी है। यह रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (गृह) एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को सौंपी गई है। हालांकि, जांच प्रक्रिया अभी जारी है और अंतिम रिपोर्ट बाद में प्रस्तुत की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मांग के बाद इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया था। लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने अयोध्या में छह दिनों तक रहकर मामले की गहन जांच की। जांच के दौरान एसआईटी ने मंदिर प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों, ट्रस्ट से संबद्ध लोगों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित पांच दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की।

## मध्य प्रदेश में मानसून की सुस्त चाल

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में मानसून की देरी का असर साफ दिखाई दे रहा है। जून का अधिकांश समय सूखा गुजरने से प्रदेश में अब तक सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक प्रदेश में औसतन 70.9 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन केवल 34.3 मिमी वर्षा हुई है। यह सामान्य से करीब 52 प्रतिशत कम है। इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर समेत 48 जिलों में बारिश का आंकड़ा सामान्य स्तर से नीचे बना हुआ है। मध्य प्रदेश में मानसून के प्रवेश की सामान्य तिथि 15 जून मानी जाती है, लेकिन इस बार निर्धारित समय से आठ दिन बाद भी मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों में मानसून प्रदेश में दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून के आगमन के साथ तेज बारिश का दौर शुरू होता है, जिससे वर्षा के आंकड़ों में तेजी से सुधार होता है।

## पद्म पुरस्कार 2026: अलका याग्निक, मलयालम सुपरस्टार ममूटी को मिला पद्म भूषण, पद्मसे नवाजे गए आर. माधवन समेत ये सितारे





नईदिल्ली, (आरएनएस)। नई दिल्ली में आयोजित पद्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दूसरे चरण के विजेताओं को सम्मानित किया. राष्ट्रपति ने मशहूर प्लेबैक सिंगर अलका याग्निक और मलयालम सुपरस्टार ममूटी को पद्म भूषण से सम्मानित किया. समारोह के कई वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिनमें अलका याग्निक और ममूटी को यह प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पाते हुए देखा जा सकता है.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार, 23 जून को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म पुरस्कारे के दूसरे चरण के समारोह में बाकी पद्म पुरस्कार प्रदान किए. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

जाने-माने प्लेबैक सिंगर अलका याग्निक को भी राष्ट्रपति से पद्म भूषण मिला. पिछले कुछ सालों से सुनने की समस्या से जूझ रहीं अलका को एक अटेंडेंट स्टेज तक ले गए. एक वीडियो में सिंगर को राष्ट्रपति से पुरस्कार लेने के लिए आगे बढ़ने से पहले सम्मान के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी के पैर छूते हुए देखा गया.उन्हें हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री का अभिवादन करते हुए भी देखा गया. वहीं, पीएम मोदी भी हाथ जोड़कर सिंगर का अभिवादन किया. देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक मिलने पर फैंस ने सिंगर को बधाई दी।

बता दें चार दशकों से ज्यादा लंबे करियर में, उन्होंने कई भारतीय भाषाओं में हजारों गाने गाए हैं और वे देश की प्लेबैक सिंगिंग इंडस्ट्री की सबसे मशहूर आवाजों में से एक बनी हुई हैं. उनकी कला को आज भी कई पीढ़ियों के श्रोता पसंद करते हैं।

मलयालम सुपरस्टार ममूटी भी पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने वाले विजेताओं में से एक रहे. राष्ट्रपति ने उन्हें प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान से नवाजा. समारोह में उनकी पत्नी सल्फाथ, बेटे और एक्टर दुलकर सलमान और बेटी सुरुमी भी उनके साथ मौजूद थे.पद्मपुरस्कार पाने वालों में तेलुगु एक्टर मुरली मोहन और राजेंद्र कुमार भी शामिल थे. मशहूर भारतीय क्लासिकल सिंगर, म्यूज़िकोलॉजिस्ट और एकेडमिशियन मंगला कपूर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मसे सम्मानित किया.आर. माधवन ने भी मंच पर जाने से पहले पीएम मोदी का अभिवादन किया और उनके पैर छुए, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रपति से पद्म पुरस्कार मिला. पीएम मोदी ने एक्टर से बातचीत की और मंच पर जाने से पहले उनकी पीठ पर हल्के से थपकी दी. दिवंगत अभिनेता सतीश शाह, जिनका पिछले साल अक्टूबर में निधन हो गया था, उन्हें भी पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया; यह पुरस्कार उनकी ओर से उनके चचेरे भाई अरविंद ममानिया ने ग्रहण किया.दूसरे सम्मान समारोह के दौरान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिनेमा, संगीत, जनसेवा और कला जैसे क्षेत्रों की कई जानी-मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए. 26 मई को आयोजित पहले नागरिक सम्मान समारोह में, राष्ट्रपति ने विजेताओं को कुल 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे. इस कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया. उनका निधन नवंबर 2025 में हुआ था।

## कोलकाता ब्लास्ट: 70 लोगों की जान लेने वाले टाडा दोषी को नहीं मिलेगी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई पर लगाई रोक

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें 1993 के कोलकाता बउबाजार बम ब्लास्ट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक दोषी को समय से पहले रिहा करने का निर्देश दिया गया था. इस मामले की सुनवाई जस्टिस पी.के. मिश्रा और जस्टिस संजीव सचदेवा की पीठ ने की।

सुप्रीम कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस याचिका पर पारित किया, जिसमें हाई कोर्ट के 5 जून के आदेश को चुनौती दी गई थी. हाई कोर्ट ने अपने आदेश में 77 वर्षीय दोषी मोहम्मद राशिद खान को तुरंत रिहा करने का निर्देश दिया था. पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू पेश हुए. राज्य सरकार ने दलील दी कि राज्य के सेंटेंस रिव्यू बोर्ड द्वारा दोषी की रिहाई के खिलाफ सिफारिश किए जाने के बावजूद हाई कोर्ट ने यह राहत दे



दी.सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका पर खान को नोटिस भी जारी किया, जिसे टाडा के सख्त प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था. सुनवाई के दौरान, खान का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील एम.आर. शमशाद ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने जेल में 33 साल से अधिक का समय बिताया है. उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इसी मामले के एक सह-आरोपी, पन्नालाल जायसवाल को मार्च 2014 में सजा से छूट दे दी गई थी। हालांकि, पीठ ने कहा कि उन दोनों की भूमिकाएं पूरी तरह से अलग थीं. पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि खान इस घटना का मास्टरमाइंड था. पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने ऐसे मामले में खान को राहत देने के लिए सुधारात्मक सिद्धांत पर भरोसा करके गलती की है, जहां बम धमाकों में 70 से अधिक लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे. शमशाद ने कहा कि जेल में कैदी के अच्छे आचरण को ध्यान में रखा जाना चाहिए.पीठ ने टिप्पणी की कि उसे एक ऐसे कृत्य के लिए सजा सुनाई गई थी जो लगभग एक आतंकवादी कृत्य था. खान के वकील ने उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति पर जोर दिया. पीठ ने कहा कि यदि हाई कोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाई गई, तो राज्य सरकार की अपील निष्प्रभावी हो जाएगी।





## एलएनसीटी ग्रुप के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, जांच में जुटी एजेंसी

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूह एलएनसीटी ग्रुप के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने एक बड़ी छापेमारी की है। ईडी की यह कार्रवाई ग्रुप में हुई लगभग 200 करोड़ रुपए की भारी वित्तीय हेराफेरी (पैसों के घोटाले) को लेकर की जा रही है। यह जांच भोपाल समेत देश भर में फैले इस ग्रुप के अन्य शैक्षणिक संस्थानों और ठिकानों पर एक साथ चल रही है। दरअसल, एलएनसीटी ग्रुप के प्रमोटर चौकसे परिवार पर पहले मध्य प्रदेश की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने धोखाधड़ी और वित्तीय गड़बड़ियों का मामला दर्ज किया था, जिसके बाद अब इस मामले की कमान ईडी ने संभाल ली है।

### स्कॉलरशिप का गबन और छात्रों की फीस में हेराफेरी

शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस घोटाले का सीधा संबंध छात्रों की फीस और स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) के पैसों से है। ईओडब्ल्यू की जांच के मुताबिक, इस ग्रुप ने विद्यार्थियों से वसूली गई बस फीस, हॉस्टल फीस और सरकार की तरफ से आने वाली स्कॉलरशिप की राशि में भारी हेराफेरी की। यह वह पैसा था जिसे नियमों के मुताबिक शैक्षणिक संस्थान या सीधे छात्रों के खातों में जाना चाहिए था, लेकिन इस ग्रुप के कर्ता-धर्ताओं ने इस पूरी रकम को चौकसे परिवार की निजी कंपनियों (जैसे- कल्चुरी कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड) के बैंक खातों में ट्रांसफर (डायवर्ट) कर दिया।

## आयुष्मान कार्ड होने पर भी अस्पताल ने वसूले 7.25 लाख, मरीज की मौत के बाद पत्नी ने कोर्ट में चटाई धूल; अब अस्पताल भरेगा जुर्माना





चरखी दादरी (ए)। हरियाणा से एक ऐसा हैरान करने वाला मामला सामने आया है जो आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की उम्मीद रखने वालों के लिए एक बड़ी मिसाल बन गया है। एक निजी अस्पताल की मनमानी का शिकार हुए परिवार ने हार नहीं मानी और लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अस्पताल को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद एक गरीब मरीज से 7.25 लाख रुपये की भारी रकम वसूल ली थी। दुखद बात यह रही कि इतना पैसा खर्च करने के बाद भी मरीज की जान नहीं बच सकी। अब उपभोक्ता अदालत ने अस्पताल की इस लूट पर कड़ी फटकार लगाते हुए लाखों रुपये लौटाने और जुर्माना भरने का सख्त आदेश दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 12 जून 2024 को महिला के पति को पेट दर्द और सांस लेने में गंभीर तकलीफ के बाद रोहतक के पॉजिट्रॉन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज और उसकी पत्नी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी थे, जिसमें उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलनी थी। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने महिला से 7.25 लाख रुपये की मोटी रकम यह कहकर ऐंठ ली कि अप्रूवल मिलने के बाद पैसे वापस कर दिए जाएंगे। पति की जान बचाने के लिए बेबस पत्नी ने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर बिल चुकाया, लेकिन इलाज के बावजूद 26 जून को मरीज की मौत हो गई।

पति की मृत्यु के बाद जब पीड़ित महिला ने अस्पताल से 5 लाख रुपये के रिफंड की मांग की, तो अस्पताल प्रबंधन ने पैसे लौटाने से साफ मना कर दिया। अपना बचाव करते हुए अस्पताल ने तर्क दिया कि मरीज 'एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस' और 'सेप्सिस' से पीड़ित था, जिसका इलाज इस योजना के तहत कवर नहीं होता। अस्पताल की दलील थी कि वे आयुष्मान योजना के तहत सिर्फ हृदय रोग के लिए पैनल में शामिल हैं और परिजनों की सहमति के बाद ही मरीज को 'कैश पेशेंट' के रूप में भर्ती किया गया था। अस्पताल की इस बेशर्मी के बाद महिला ने न्याय के लिए चरखी दादरी जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।चरखी दादरी जिला उपभोक्ता आयोग ने मामले की गहराई से सुनवाई करते हुए अस्पताल की सभी दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया। आयोग ने पाया कि अस्पताल ऐसा कोई भी पुख्ता सबूत पेश करने में पूरी तरह नाकाम रहा जो यह साबित करे कि मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के दायरे से बाहर था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अस्पताल और प्राधिकरण के बीच हुए समझौते के 'क्लॉज 13' में चिकित्सा उपचार का दायरा बहुत व्यापक है और यह केवल हृदय रोगों तक सीमित नहीं है।

## रास लाफान हादसे में 12 भारतीयों की मौत, परिजनों के संपर्क में हम: विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी गैस संयंत्र में हुए धमाके ने 12 भारतीय नागरिकों की जान ले ली। भारत ने दुर्घटना पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से पार्थिव शरीर को भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 12 भारतीय नागरिकों की मौत बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस हादसे में कई अन्य देशों के लोगों की भी मौत हुई, लेकिन रास लाफान में हुए धमाके में हमारे देश के 12 लोगों की जान चली गई। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने इस हादसे में घायल हुए लोगों का जिक्र करते हुए आगे बताया, अलग-अलग देशों के लगभग 66 लोग घायल हुए हैं। हमें ठीक-ठीक नहीं पता कि उनमें से कितने भारतीय नागरिक हैं, लेकिन घायल हुए सभी लोग सुरक्षित हैं। हम पार्थिव शरीर की पहचान करने और उन्हें भारत लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों से बात कर रहे हैं। साथ ही हम इस बेहद दुखद घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के संपर्क में भी हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रास लाफान में हुए विस्फोट में भारतीय नागरिकों सहित कई लोगों की मौत और घायल होने की खबर से अत्यंत दुखी हूं।

# राज्य के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए 5,960 करोड़ रूपये की योजनाओं सहित कई जनहितैषी कार्यों को मंजूरी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए 5 हजार 960 करोड़ रूपये की योजनाओं सहित कई जनहितैषी कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान को गति देते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालित रखने के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है।शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए राज्य में शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूलों के उच्च स्तरीय उन्नयन की योजना को सैद्धांतिक सहमति दी गई, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहुँच बढ़ेगी और ड्रॉप आउट दर में कमीं आएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों के आर्थिक संबल के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना की नई शर्तों, शुजालपुर (शाजापुर) में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय की स्थापना, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3 हजार 580 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की निरंतरता तथा जनजातीय क्षेत्रों के विद्युतीकरण संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना और कल्याणी विवाह सहायता योजना को 1 अप्रैल 2026 से 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना प्रदेश में 1 अप्रैल 2006 से प्रभावशील है। योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। योजना अंतर्गत गरीब जरूरतमंद, निराश्रित और निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता के सामूहिक विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में राशि 55 हजार रूपये प्रति कन्या के मान से दी जाती है। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 1 लाख 72 हजार 905 हितग्राहियों को 989 करोड़ 80 लाख 62 हजार रूपये से अधिक सहायता राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, योजना महिला सशक्तिकरण की एक अहम योजना है, जिसके अंतर्गत गरीब और जरुरतमंद अभिभावकों की कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न होता है। इस योजना से विवाह की वैधानिक आयु सुनिश्चित हो जाती है। यह योजना महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिये महत्वपूर्ण है।



एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय में मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी दी।

## काले हिरण व चिंकारा का शिकार कर तस्करी करने वाले आरोपी रिजवान एवं इम्तियाज की जमानत याचिका ख़ारिज की

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिला एवं सत्र न्यायालय ने काले हिरण और चिंकारा का शिकार कर अंतरराज्यीय स्तर पर



तस्करी करने वाले आरोपी रिजवान और आरोपी इम्तियाज द्वारा दायर जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय इंदौर के समक्ष स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्य प्रदेश इकाई इंदौर द्वारा शासन का ठोस पक्ष रखा गया एवं अन्य प्रकरणों जैसे वीरूपक्षा गोडा विरूद्ध स्टेट आफ कर्नाटक राज्य में पारित आदेश एवं उक्त प्रकरण के महत्वपूर्ण तथ्यों से अगवत कराया गया। आरोपियों की मोबाइल फारेन्सिक रिपोर्ट से प्राप्त शिकार के साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय इंदौर द्वारा स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्य प्रदेश इकाई इंदौर द्वारा की गई सटीक विवेचना एवं रखे गए ठोस पक्ष के आधार पर उक्त जमानत याचिकाएं खारिज की गई।

## भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क पर ABVP कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

### कहा- MLB गर्ल्स-कॉलेज के पास से शराब दुकान हटाएं



भोपाल,(ए.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहे पर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे तथा महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) गर्ल्स कॉलेज के पास संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पोस्टरों पर शिक्षा के मंदिर के पास शराब की दुकान नहीं चलेगी और जहां ज्ञान की ज्योति जलती है, वहां शराब की दुकान नहीं चलती जैसे संदेश लिखे थे। कुछ छात्र बैरिकेडिंग पर चढ़कर भी विरोध जताते नजर आए। स्थिति को देखते हुए मौके पर 200 से अधिक पुलिसकर्मी, वरिष्ठ अधिकारी और वॉटर कैनन तैनात किए गए थे।प्रदर्शन के दौरान भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा छात्रों से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि मामले में नियमानुसार जांच कर सात दिन के भीतर निर्णय लिया जाएगा। कलेक्टर के आश्वासन के बाद विद्यार्थियों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। हालांकि एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि सात दिन के भीतर शराब दुकान नहीं हटाई गई तो आठवें दिन से फिर आंदोलन शुरू किया जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि पदभार संभालने के समय ही उन्हें इस शराब दुकान से जुड़े विवाद की जानकारी मिली थी। पूर्व में दिए गए ज्ञापन और शिकायतों के आधार पर 3 जून को संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जहां से जिला स्तरीय समिति को सुनवाई कर निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि कॉलेज से दुकान की दूरी सहित सभी नियमों और तथ्यों की जांच की जा रही है। समिति की रिपोर्ट और कानूनी प्रक्रिया के आधार पर पारदर्शी तरीके से निर्णय लिया जाएगा।

एबीवीपी नेता बोले- छात्राओं की सुरक्षा खतरे में

एबीवीपी के भोपाल महानगर सह मंत्री अमित महावर ने कहा कि एमएलबी गर्ल्स कॉलेज के पास शराब दुकान का संचालन छात्राओं की सुरक्षा और शैक्षणिक वातावरण के लिए उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज के नजदीक शराब दुकान होने से छात्राओं को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

## भोपाल एयरपोर्ट टैक्सी चालकों की हड़ताल टली, प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

### - वीवीआईपी मूवमेंट का हवाला, एग्रीगेटर कंपनियों के खिलाफ जल्द उग्र आंदोलन की चेतावनी

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल एयरपोर्ट पर ऑनलाइन टैक्सी सेवाओं से जुड़े चालकों की आज (मंगलवार) 23 से 25 जून तक प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल फिलहाल टल गई है। प्रशासन द्वारा धरना-प्रदर्शन की अनुमति निरस्त किए जाने के बाद भोपाल टैक्सी चालक संघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध) ने आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की है। हालांकि संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर वह दोबारा अनुमति लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। संघ के अनुसार एयरपोर्ट स्थित गांधी नगर क्षेत्र में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन के लिए अनुमति मांगी गई थी, लेकिन प्रशासन और गांधी नगर थाना ने वीवीआईपी मूवमेंट का हवाला देते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद संगठन ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। टैक्सी चालक संघ ने प्रशासन के फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह गरीब और मेहनतकश ड्राइवरों की आवाज दबाने का प्रयास है। संगठन का कहना है कि वह हमेशा कानून और प्रशासनिक नियमों का पालन करते हुए आंदोलन करता आया है तथा उसका उद्देश्य किसी प्रकार की अव्यवस्था फैलाना नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना है।संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने बताया कि टैक्सी चालक अपनी मांगों को लेकर पहले भी कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। 7 फरवरी और 12 जून को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# आधुनिक एवं स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में जीआरपी का महत्वपूर्ण कदम

### 15 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न, तकनीकी दक्षता एवं संवेदनशील पुलिसिंग पर दिया गया विशेष बल




भोपाल (निप्र)। बदलते अपराध स्वरूपों और आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप पुलिस बल को अधिक सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष एवं जनोन्मुख बनाने के उद्देश्य से शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) द्वारा आयोजित 15 दिवसीय विशेष पुलिस प्रशिक्षण (Smart Policing Training) शिविर का समापन विशेष पुलिस महानिदेशक दूरसंचार संजीव कुमार शमी तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल, भोपाल राजाबाबू सिंह के मुख्य आतिथ्य में पी.टी.आर.आई. प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल में सम्पन्न हुआ। 08 जून से 22 जून तक आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीआरपी भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर इकाइयों के आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक के कुल 30 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक अधिक स्मार्ट, तकनीकी रूप से सक्षम, और संवेदनशील बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की जांच एवं रोकथाम, फॉरेंसिक विज्ञान, मानवाधिकार संरक्षण, तनाव प्रबंधन तथा नागरिकों के साथ बेहतर संवाद एवं जनसंपर्क स्थापित करने संबंधी विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल अंकित जायसवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## म.प्र. सरकार फिर लेगी 2800 करोड़ का कर्ज

### 8 और 22 साल के बॉन्ड जारी कर जुटाएगी राशि; कुल देनदारी 5 लाख करोड़ पार



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार एक बार फिर बाजार से 2800 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। इसके लिए वित्त विभाग ने मंगलवार को राज्य विकास ऋण के जरिए दो चरणों में बॉन्ड जारी करने की अधिसूचना जारी की है। यह राशि 1600 करोड़ और 1200 करोड़ रुपए के रूप में जुटाई जाएगी।इस नए कर्ज के बाद चालू वित्त वर्ष में राज्य सरकार द्वारा लिया गया कुल कर्ज 13,800 करोड़ रुपए पहुंच जाएगा। वहीं प्रदेश पर कुल कर्ज बढ़कर करीब 5 लाख 2 हजार करोड़ रुपए हो जाएगा। वित्त विभाग के अनुसार सरकार 7.64 % ब्याज दर वाले मध्यप्रदेश एसजीएस-2034 के री-इश्यू के जरिए 1600 करोड़ रुपए जुटाएगी। इस ऋण की अवधि 8 साल होगी। इसके ब्याज का भुगतान हर साल 29 अप्रैल और 29 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके अलावा 7.83% ब्याज दर वाले मध्यप्रदेश एसजीएस-2048 के जरिए 1200 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। इस ऋण की अवधि 22 साल होगी।दोनों बॉन्ड की नीलामी भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से कराई जाएगी।

राज्य सरकार का कहना है कि बॉन्ड से जुटाई जाने वाली राशि का उपयोग प्रदेश में विकास कार्यों और अधोसंरचना परियोजनाओं पर किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार से आवश्यक अनुमति भी मिल चुकी हैविशेषज्ञों के अनुसार यह राशि सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं, बिजली व्यवस्था, जल संसाधन विकास, संचार सुविधाओं और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं में खर्च की जा सकती है।वित्तीय दस्तावेजों के अनुसार 31 मार्च 2026 तक मध्यप्रदेश पर कुल 4.88 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज था।

## कांग्रेस ने लगाया उज्जैन में जमीन घोटाले का आरोप, कहा- सुप्रीम कोर्ट के जज करें मामले की जांच

### पटवारी ने प्रेस वार्ता में कहा कि 2021 से 2025 के बीच परिवार ने 335 एकड़ जमीन खरीदी

भोपाल(निप्र)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद डा. मोहन यादव और उनके परिवारजनों ने बड़ी मात्रा में उज्जैन और उसके आसपास भूमि खरीदने का आरोप लगाया। बड़ी-बड़ी अधोसंरचना परियोजनाएं इन भूमियों के आसपास आईं। मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या योजना पहले आई या जमीन पहले खरीदी गईं। जो कंपनियां रियल एस्टेट कि उनके परिवारजनों द्वारा खरीदी गई उसका ब्यौरा सार्वजनिक किया जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज भोपाल में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परिवार और रिश्तेदारों पर 335 एकड़ जमीन खरीदने का आरोप लगाया। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाल देते हुए उन्होंने कहा कि साल 2021 और 2025 के बीच यह जमीन उज्जैन के महत्पूर्ण लोकेशंस पर खरीदी गई है। जीतू पटवारी ने कहा कि नितेश यादव ने 108 एकड़, गोविंद यादव ने 47 एकड़, मोहन यादव ने 17 एकड़, सीमा यादव ने 11 एकड़, पुत्र वधू शालिनी यादव ने 10 एकड़ और साली रेखा यादव ने भी जमीन खरीदी।

## राज्य वित्त आयोग आज करेगा, भोपाल संभाग के स्थानीय निकायों की समीक्षा

### जन प्रतिनिधियों से भेंट व अधिकारियों के साथ होगी बैठक

भोपाल (आरएनएस)। राज्य वित्त आयोग 24 जून, को भोपाल संभाग के दौरे पर रहेगा। आयोग नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में भोपाल के सांसद, विधायक तथा दोनों निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ संभाग के अधिकारियों से भी सुझाव प्राप्त करेगा। आयोग के अध्यक्ष, जयभान सिंह पवैया, सदस्य के. के. सिंह, पदेन सदस्य, ऋषि गर्ग तथा सदस्य सचिव, वीरेन्द्र कुमार संभाग के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा की जायेगी। आयोग भोपाल संभाग के आयुक्त, भोपाल संभाग के जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति की विस्तृत समीक्षा करेगा। बैठक में निकायों के मूल दायित्वों, स्वच्छता, पेय-जल, विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा स्वयं के राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि के उपायों पर विचार विमर्श किया जायेगा।

## श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने एक दिन में रिकार्ड 11721 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का किया निस्तारण



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना दोंगलिया ने फ्लाई ऐश के उपयोग एवं पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में गत दिवस एक ही दिन में कुल 284 बल्करों के माध्यम से लगभग 11721 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का परिवहन कर अब तक सर्वाधिक फ्लाई ऐश परिवहन करने का रिकार्ड बनाया गया। इनमें 114 बल्कर परियोजना के विद्युत गृह क्रमांक एक से और 170 बल्कर विद्युत गृह क्रमांक दो से लोड कर निस्तारित किए गए।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना द्वारा 30 मार्च 2025 को 236 बल्करों के माध्यम से 9429 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश परिवहन का रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। उस दौरान विद्युत गृह क्रमांक 1 से 132 बल्कर व विद्युत गृह क्रमांक 2 से 104 बल्कर लोड किए गए थे। इस नवीन उपलब्धि ने न केवल इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, बल्कि फ्लाई ऐश प्रबंधन एवं निस्तारण के क्षेत्र में परियोजना की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाया है।

## भोपाल में आर.टी.ई.अंतर्गत नियुक्त नोडल अधिकारियों का उन्मुखीकरण संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। जनपद शिक्षा केंद्र फंदा पुराना शहर भोपाल में आर.टी.ई. अंतर्गत अशासकीय स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति सत्र 2024- 25 की प्रक्रिया संपादित कराने के लिए जिला शिक्षा केन्द्र भोपाल से नियुक्त 100 नोडल अधिकारियों का उन्मुखीकरण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हमीदिया गिन्नौरी में संपन्न हुआ।नोडल अधिकारी द्वारा फीस प्रतिपूर्ति के लिए की जाने वाली ऑनलाइन प्रक्रिया का प्रशिक्षण श्रीमती अंतिमा सिंह, प्रकाश रघुवंशी, जन शिक्षक एवं संतोष कुमार सिंह, बीएसी द्वारा दिया गया। बीआरसीसी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने फीस प्रतिपूर्ति में नोडल अधिकारी को नियमों का पालन करते हुए समय - सीमा में कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए एवं अशासकीय स्कूलों को नोडल अधिकारियों द्वारा फीस प्रतिपूर्ति के लिए अवलोकन किए जाने वाले दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने के लिए कहा है जिससे नोडल अधिकारियों द्वारा अपना कार्य समय- सीमा में संपन्न कर सकें उन्मुखीकरण में शाला की प्राचार्य श्रीमती सरला कश्यप एवं समस्त जनशिक्षक पुराना शहर भोपाल उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

### जनसुनवाई में 203 आवेदन प्राप्त हुए




भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में एडीएम सुमित पांडेय,पीसी शाक्य, प्रकाश नायक ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 203 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम श्री पांडेय, श्री शाक्य, श्री नायक ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# जीआरपी जबलपुर ने त्वरित कार्रवाई कर ट्रेन में चोरी गए आभूषण एवं सामान को मात्र दो घंटे में किया बरामद



## तकनीकी साक्ष्यों और सतर्क पुलिसिंग से आरोपी गिरफ्तार

## लगभग 10 लाख रूपए से अधिक की सम्पूर्ण संपत्ति बरामद

जबलपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पुलिस की संवेदनशील, तकनीक आधारित एवं त्वरित कार्रवाई का एक उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। जीआरपी थाना जबलपुर ने अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान चोरी गए 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण एवं अन्य सामान को घटना के मात्र दो घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश ने बताया कि 22 जून को नर्मदापुरम जिले के इटारसी निवासी नीलेश मालपानी ने जीआरपी थाना जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि ट्रेन क्रमांक 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान उनकी पत्नी के पर्स से सोने के आभूषण, एप्पल एयरपॉड, नगदी एवं अन्य दस्तावेज सहित लगभग 10 लाख 47 हजार रूप्ए की सामग्री चोरी हो गई हैं। रिपोर्ट पर थाना जीआरपी जबलपुर में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल राजा बाबू सिंह के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों तथा मोबाइल लोकेशन का गहन विश्लेषण किया गया।

जांच के दौरान चोरी गए एप्पल एयरपॉड की लोकेशन ट्रेस होने पर प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर शिवनगर, गोहलपुर क्षेत्र में दबिश दी गई।कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया सोने का हार, अंगूठियां, कान के टॉप्स, ब्रेसलेट, एप्पल एयरपॉड, नगदी, आधार कार्ड सहित अन्य सामग्री लगभग 10 लाख 47 हजार रूपए की जब्त की।मध्यप्रदेश पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के प्रति तथा आधुनिक तकनीक और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# फार्मर रजिस्ट्री के कार्य पर फोकस करें : कलेक्टर

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न

सतना (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की न्यून प्रगति को देखते हुए कहा है कि राजस्व अधिकारी ई फार्मर रजिस्ट्री के कार्य पर फोकस करें और प्रतिदन हजार-डेढ हजार फार्मर रजिस्ट्री कराये। एसडीएम और तहसीलदार प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की संपन्न बैठक में कलेक्टर ने मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दु, पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन, स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि का वाचन और जिला विकास पुस्तिका, रेल्वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, एनवीडीए सहित विभिन्न विभागों के समन्वय के बिन्दुओं पर चर्चा की। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, सुमेश द्विवेदी, जनपद के सीईओ, नगर परिषदों के सीएमओ तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि आरटीओ, जिला शिक्षा अधिकारी और डीएसपी ट्रैफिक संयुक्त रूप से स्कूल बसों की चेकिंग का कार्य इस सप्ताह आवश्यक रूप से पूर्ण कर ले।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 136 आमजनों की समस्याओं की हुई सुनवाई



ग्वालियर (आरएनएस)। कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जन-सुनवाई में 136 आमजनों की समस्यायें सुनी गईं। अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व एडीएम सी बी प्रसाद सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 65 आवेदन दर्ज किए गए। साथ ही शेष 71 आवेदन विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिये आवश्यक टीप के साथ दिए गए। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली, पुलिस इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीलदारों को दिए गए हैं। नगर निगम क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत भी नगर निगम के अधिकारियों को दी। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निऱ्शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया।

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर डॉ. सोनवणे

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

बैतूल (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की



समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व,भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कोठीबाजार बैतूल निवासी पिंकी साहू ने बताया कि उनके पति की मृत्यु के पश्चात अनुकम्पा नियुक्ति के स्थान पर 5 वर्ष तक का वेतन दिए जाने के आदेश हुए थे। किंतु अभी तक राशि प्राप्त नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। जिस पर कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिला शिक्षा अधिकारी से प्रकरण की जानकारी ली तथा तत्काल आवेदन निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज निराकरण नहीं होता है तो लापरवाही की स्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैतूल और संकुल प्राचार्य बैतूल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएं।

# उज्जैन मे काल भैरव मंदिर के सामने भीषण आग, पूजन सामग्री की चार दुकानें जलकर खाक



## पांच दमकलों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, लाखों के नुकसान की आशंका

उज्जैन,(आरएनएस) मध्य प्रदेश के उज्जैन विश्व प्रसिद्ध काल भैरव मंदिर के सामने मंगलवार तड़के भीषण आग लगने से पूजन सामग्री की चार दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में आसपास की दुकानें भी इसकी चपेट में आ गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 5 से 5:30 बजे के बीच मंदिर के सामने स्थित एक पूजन सामग्री की दुकान से आग की लपटें उठती दिखाई दीं। दुकानों में बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री और ज्वलनशील सामान रखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते चार दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों और दुकानदारों ने शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद तत्काल फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पांच दमकल वाहनों और पानी के टैंकर की सहायता से आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकलकर्मियों ने लगातार करीब एक घंटे तक प्रयास कर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। आग की लपटें पास स्थित एक पेड़ तक पहुंच गई थीं, लेकिन समय रहते उसे भी सुरक्षित बचा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास की अन्य दुकानों और मंदिर क्षेत्र को बड़े नुकसान से बचा लिया गया।काल भैरव मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। राहत की बात यह रही कि आग तड़के उस समय लगी, जब मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू नहीं हुई थी।

# मंदसौरः नगर पालिका में कांग्रेसजन ने फोड़े मटके, सौंपा ज्ञापन

मंदसौर,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मंदसौर शहर में गहराते पेयजल संकट, अव्यवस्थित जल प्रदाय व्यवस्था,निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं तथा सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी व सभी कांग्रेस के पार्षगण के नेतृत्व मे जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को नगर पालिका परिषद पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर ज्ञापन की प्रति नगर पालिका के गेट पर ही चस्पा कर नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया।नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने ज्ञापन में बताया गया कि करोड़ों रुपये की लागत से संचालित पेयजल योजना के बावजूद शहरवासियों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में एक दिन छोड़कर जल प्रदाय किया जा रहा है, लेकिन कई क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर नहीं होने के कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जर्जर पाइपलाइन,विद्युत बाधा और तकनीकी खामियों के कारण जल आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है।

# व्यापार समाचार

## अमेरिका से रिकॉर्ड एलपीजी खरीदने की तैयारी में भारत, जून में इतना आयात संभव

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत जून में एलपीजी आयात करने के मामले में नया रिकॉर्ड बना सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने देश में अमेरिका से 10 लाख मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी आने की उम्मीद है, जो अब तक का सबसे बड़ा स्तर हो सकता है। मध्य पूर्व में बढ़े तनाव और सप्लाई को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच भारत ने वैकल्पिक स्रोतों से खरीद बढ़ा दी है। सरकार इसकी निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने पर विशेष ध्यान दे रही है।

कुछ समय पहले तक भारत अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा मध्य पूर्व के देशों से पूरा करता था। देश हर महीने औसतन करीब 20 लाख टन एलपीजी आयात करता है। हालांकि, ईरान-इजराइल तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बनी अनिश्चितता के बाद हालात बदलने लगे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में एलपीजी आयात घटकर 6.96 लाख टन रह गया था, लेकिन मई में इसमें सुधार आया और यह बढ़कर 11.5 लाख टन तक पहुंच गया।

रिपोर्ट के अनुसार, जून में भारत को अमेरिका से 11-12 लाख टन एलपीजी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात से करीब 3-4 लाख टन और कुवैत से लगभग 45 हजार टन एलपीजी आने का अनुमान है। केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, मई में भारत ने अमेरिका से 6.48 लाख टन और संयुक्त अरब अमीरात से 1.34 लाख टन एलपीजी आयात किया था। आने वाले महीनों में अन्य देशों से भी कुछ अतिरिक्त आपूर्ति मिलने की संभावना है।

सरकार ने तेल कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। पाइप्ड गैस कनेक्शन का दायरा बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में एलपीजी की खपत 15-20 प्रतिशत तक कम करने के विकल्पों पर भी काम शुरू हो चुका है। अगर मध्य पूर्व से सप्लाई सामान्य होने लगती है, तो आने वाले समय में कीमतों और आपूर्ति दोनों में स्थिरता आ सकती है।

## उबर के निदेशक मंडल और अधिकारियों पर शेयरधारकों का मुकदमा, लगाए गंभीर आरोप

नईदिल्ली, (आरएनएस)। कैब सेवा कंपनी उबर के शेयरधारकों ने कंपनी के निदेशक मंडल और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि कंपनी की तेज वृद्धि के लिए जानबूझकर नियमों के पालन और सुरक्षा उपायों में कमी की गई। मुकदमे में कहा गया है कि इस लापरवाही की वजह से कंपनी को कानूनी और नियामकीय जोखिमों का सामना करना पड़ा है। शेयरधारकों का आरोप है कि कंपनी ने ग्राहक सुरक्षा को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं दी।

मुकदमे में कहा गया है कि उबर के नेतृत्व ने ग्राहक सुरक्षा और संरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं कराए। आरोप है कि कंपनी के भीतर ऐसा माहौल बना, जहां नियमों के पालन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। इसके कारण यात्रियों को नुकसान पहुंचा और कंपनी पर कई कानूनी समस्याएं खड़ी हो गईं। मुकदमे में कहा गया है कि इस लापरवाही से उपभोक्ता संरक्षण कानूनों और विकलांग व्यक्तियों से जुड़े कानूनों के उल्लंघन की स्थिति पैदा हुई।मुकदमा दायर करने वाले शेयरधारकों ने जूरी ट्रायल की मांग की है। साथ ही उन्होंने कंपनी से अपने कॉर्पोरेट प्रशासन और आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि उबर को ग्राहक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान निकालना चाहिए। शेयरधारकों के मुताबिक, मजबूत नियम और बेहतर निगरानी व्यवस्था भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने और कंपनी पर बढ़ते कानूनी जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है।उबर को यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में पहले भी कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। वर्ष 2022 में 500 से अधिक महिला यात्रियों ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। इन महिलाओं ने आरोप लगाया था कि कुछ उबर ड्राइवरों ने उनके साथ अपहरण, यौन उत्पीड़न, हमला, पीछा करने और अन्य गंभीर अपराध किए।

## सोना-चांदी खरीदने वालों की फूटी किस्मत! अचानक औंधे मुंह गिरे दाम

नईदिल्ली ,(आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले कमजोर संकेतों और अमेरिकी डॉलर में आई रिकॉर्ड तेजी के कारण आज घरेलू वायदा तथा हाजिर बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई. शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली के भारी दबाव के चलते सोना करीब 1,400 प्रति 10 ग्राम और चांदी 6,150 प्रति किलोग्राम से अधिक टूट गई. इस बड़ी गिरावट से सर्राफा बाजार के निवेशकों और आभूषण निर्माताओं के बीच हलचल तेज हो गई है.

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुद्धता के आधार पर सोने की कीमतों में व्यापक सुधार देखा गया, देश के प्रमुख बाजारों में आज शुद्ध सोने का भाव 1,46,750 से 1,47,980 प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. महानगरों में दिल्ली और कोलकाता जैसे केंद्रों पर कीमतें निचले स्तर पर देखी गई. आभूषण निर्माण में सर्वाधिक प्रयुक्त होने वाले 22 कैरेट सोने की दरें प्रति 10 ग्राम 1,34,000 से 1,35,650 के बीच टिकी हुई हैं.



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सिल्वर फ्यूचर्स में कमोडिटी ट्रेडर्स ने आक्रामक रूप से लॉन्ग पोजीशंस काटीं. चांदी का वायदा अनुबंध 2.8त्न की बड़ी गिरावट के साथ ?2,27,735 से 2,28,200 प्रति किलोग्राम के दायरे में आ गया. हालांकि, देश के प्रमुख हाजिर बाजारों (जैसे दिल्ली और चेन्नई) में स्थानीय करों और लॉजिस्टिक्स लागत के कारण चांदी अभी भी 2,45,000 से 2,55,000 प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर पर खुदरा बिक रही है. बाजार विश्लेषकों के अनुसार, बहुमूल्य धातुओं में इस बड़ी सुधारात्मक गिरावट के पीछे दो प्रमुख समष्टि आर्थिक कारक काम कर रहे हैं. अमेरिकी डॉलर सूचकांक तेजी से बढ़कर 102.2 के स्तर पर पहुंच गया है. डॉलर के मजबूत होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य मुद्राओं वाले देशों के लिए कमोडिटी का आयात महंगा हो जाता है, जिससे मांग में सीधे तौर पर कमी आती है.अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लंबे समय तक उच्च स्तर पर रखने या आगामी समीक्षा में बढ़ोतरी के संकेतों से बॉन्ड यील्ड में तेजी आई है. इसके परिणामस्वरूप, वैश्विक संस्थागत निवेशक सोने जैसी गैर-ब्याज वाली संपत्तियों से फंड निकालकर अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स की ओर रुख कर रहे हैं.

इसी बिकवाली के चलते वैश्विक मंच पर स्पॉट गोल्ड 1त्न की गिरावट के साथ 4,150 प्रति औंस और स्पॉट सिल्वर 2त्न से अधिक टूटकर 64 प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे फिसल गया है.

## पेट्रोल की टेंशन खत्म..अब मात्र 32 रुपये लीटर मिलेगा तेल, माइलेज 60 का; वैज्ञानिकों ने खोज निकाला शानदार फॉर्मूला

वडोदरा(आरएनएस)। पेट्रोलियम उत्पादों के आयात से देश के खजाने पर पड़ने वाले बोझ को हल्का करने के लिए भारत में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। अब आपको महंगे पेट्रोल-डीजल की टेंशन लेने की खास जरूरत नहीं है, क्योंकि वैज्ञानिकों ने मिक्स्ड प्लास्टिक कचरे से एक ऐसा ईंधन तैयार कर लिया है, जो ना सिर्फ बेहद सस्ता है बल्कि इसका माइलेज भी सामान्य तेल जितना ही दमदार है। इस नई खोज से



एक तरफ जहां आम आदमी को सस्ता ईंधन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर लंबे समय से परेशानी का सबब बनी प्लास्टिक कचरे की समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा।

जीएसवी के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया कमाल

वडोदरा स्थित गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के होनहार वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक वेस्ट को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदलने का यह अद्भुत कारनामा कर दिखाया है। यह कोई किताबी फॉर्मूला नहीं है जो सिर्फ फाइलों या लैब तक सीमित रह गया हो, बल्कि इस नए पेट्रोल से सड़कों पर मोटरसाइकिलें दौड़ाकर इसका सफल परीक्षण भी कर लिया गया है। भारत की एक प्रमुख दोपहिया निर्माता कंपनी की तीन मोटरसाइकिलों को इस विशेष 'पेस्ट्रो पेट्रोल' से दौड़ाया गया, जिसके लिए बाइक के इंजन में किसी भी तरह के बदलाव की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**शानदार माइलेज और प्रदूषण के मानकों पर भी पास**

इस नए पेट्रोल की सबसे खास बात इसका बेहतरीन माइलेज है। परीक्षण के दौरान 100 सीसी की एक बाइक, जो सामान्य पेट्रोल पर 62 किलोमीटर का माइलेज देती थी, वह प्लास्टिक से तैयार एक लीटर पेट्रोल में 60 किलोमीटर तक बिना किसी रुकावट के दौड़ी। इसके अलावा, पर्यावरण के लिहाज से भी यह एक बड़ी खुशखबरी है। इस पेट्रोल से चलने वाली मोटरसाइकिलों ने प्रदूषण नियंत्रण के मानकों को भी आसानी से पार कर लिया और 'पलूशन अंडर कंट्रोल' (PUC) सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर लिया।इस प्रोजेक्ट पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों का दावा है कि 100 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस करके लगभग 50 किलोग्राम ईंधन प्राप्त किया जा सकता है। इसकी उत्पादन लागत भी बेहद चौंकाने वाली है।

## AIR INDIA में मची उथल-पुथल के बीच इस दिग्गज की हुई एंट्री, टाटा ने सौंपा बड़ा जिम्मा




नई दिल्ली (ए.)। एअर इंडिया ने अपनी वरिष्ठ प्रबंधन टीम में एक बड़ा बदलाव किया है। पूर्व नागरिक उड्डयन सचिव और एअर इंडिया के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह खरोला को एयरलाइन में वापस लाया गया है और उन्हें कार्यकारी सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह सीधे एअर इंडिया के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को रिपोर्ट करेंगे और प्रबंधन समिति के पूर्णकालिक सदस्य भी होंगे। एक आंतरिक संचार के जरिए सामने आई इस जानकारी के बाद एविएशन सेक्टर में हलचल तेज हो गई है। खरोला तत्काल प्रभाव से अपनी यह नई और अहम जिम्मेदारी संभालेंगे।

### संकटमोचक के तौर पर देखा जा रहा खरोला का अनुभव

प्रदीप सिंह खरोला एअर इंडिया के लिए कोई नया नाम नहीं हैं। सरकारी स्वामित्व वाले दौर में उन्होंने 2017 से 2019 तक एयरलाइन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) के रूप में कार्य किया था। इसके बाद नागरिक उड्डयन सचिव के पद पर रहते हुए वह एअर इंडिया के निजीकरण की पूरी प्रक्रिया में गहराई से शामिल रहे थे। ऐसे में जब एयरलाइन भारी नुकसान और कई चुनौतियों का सामना कर रही है, तो खरोला के अनुभव को बेहद अहम माना जा रहा है। मौजूदा मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने भी आंतरिक संचार में खरोला के व्यापक अनुभव को अमूल्य बताया है, जो नए नेतृत्व के लिए सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करेगा।

### घाटे और इस्तीफे की दोहरी मार झेल रही एयरलाइन

जनवरी 2022 में टाटा समूह द्वारा एअर इंडिया का बहुचर्चित अधिग्रहण किए जाने के बावजूद, कंपनी की राह आसान नहीं हुई है। एयरलाइन अभी भी भारी वित्तीय नुकसान झेल रही है। इसके ऊपर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन के इस्तीफे ने कंपनी के सामने एक नई और बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। विल्सन आने वाले कुछ महीनों में अपना पद छोड़ने वाले हैं। ऐसे नाजुक वक्त में कंपनी को एक मजबूत और अनुभवी नेतृत्व की सख्त जरूरत है, और खरोला की वापसी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### खर्चों में कटौती के लिए उठाए जा रहे कड़े कदम

लगातार हो रहे नुकसान से उबरने के लिए एअर इंडिया प्रबंधन इन दिनों कई लागत-बचत उपायों पर काम कर रहा है। हाल ही के हफ्तों में एयरलाइन ने कई सख्त कदम उठाए हैं, जिनमें 'बिना भोजन वाले' सस्ते किराए की श्रेणी (बेसिक फेयर) शुरू करना शामिल है ताकि खर्चों को कम किया जा सके। इसके साथ ही, कंपनी ने अस्थायी रूप से अपने उड़ान नेटवर्क में भी कुछ कटौती की है।

निजीकरण के बाद से टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन एयर इंडिया के निदेशक मंडल की अध्यक्षता कर रहे हैं और एयरलाइन को वित्तीय स्थिरता प्रदान करने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बना इंडिया गठबंधन आज उद्देश्यहीन नजर आता है। आपसी समझ, समन्वय, और साझापन की भावना गहराने के बजाय उसमें आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना बढ़ी है। इंडिया एलायंस की बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे ने पूछा कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) जैसी ऑनलाइन परिघटना क्यों लोगों का ध्यान खींचने में सफल रही, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं कर पाया है? क्या इसलिए कि क्या लोगों का हम में भरोसा नहीं रहा? इकट्ठा हुए 23 विपक्षी दलों के नेता इस सवाल पर गंभीरता से आत्म-निरीक्षण करते, तो लंबे अंतराल के बाद हुई गठबंधन की बैठक किसी अधिक सार्थक नतीजे पर पहुंच पाती। हकीकत यही है कि सर्व-सत्तावान होती गई भाजपा का मुकाबला करने के लिए तीन साल पहले बना ये गठबंधन आज उद्देश्यहीन हो गया नजर आता है। गुजरे वक्त के साथ आपसी समझ, समन्वय, और साझापन की भावना गहरी होने के बजाय गठबंधन में आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना ज्यादा फैली हुई है। क्षेत्रीय दलों में कांग्रेस के व्यवहार को लेकर नाराजगी बढ़ी है और उसकी मंशा पर संदेह गहराया है। सोमवार की बैठक से ठीक पहले सीपीएम महासचिव एम.ए. बेबी ने सभी घटक दलों को पत्र लिखकर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ राहुल गांधी की आक्रामक भाषा पर अपनी नाराजगी जताई। उसके पहले तमिलनाडु में कांग्रेस के 'विश्वासघात' से 'आहत' डीएमके बैठक के बहिष्कार का एलान कर चुका था। उससे भी पहले कांग्रेस से नाराजगी के कारण आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से हटने का फैसला ले चुकी थी।सीजेपी परिघटना पर कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया हैंडल्स ने जिस तरह आक्रमण किया, उससे भी कई विपक्षी दल हैरत में पड़े। बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी दलों को सिविल सोसायटी के आंदोलनों की आलोचना करने के बजाय उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। जाहिरा तौर पर इस टिप्पणी का उपरोक्त संदर्भ ही था। तीन साल पहले गठबंधन की एक कमी यह बताई गई थी कि उसके पास ठोस नीति एवं कार्यक्रम एवं कार्यक्रम का अभाव है। अब जबकि दलों के बीच का मन-मुटाव जग-जाहिर है, तो वो मुद्दा पृष्ठभूमि में चला गया है। उनका आपसी अविश्वास मुख्य मुद्दा बन गया है। इस माहौल के कारण ही गठबंधन ने जो पांच सूत्री फैसले लिए, उन्हें महज खानापूरी समझा गया है।

# हर शहर में सुलगती लापरवाही: क्या अगला लखनऊ आपका होगा?

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

जब कागजों की मंजूरियाँ और बंद लिफाफे सच को ढकने लगते हैं, तब आग केवल इमारतों तक सीमित नहीं रहती, वह व्यवस्था की आत्मा को भी झुलसा देती है। लखनऊ के अलीगंज की घटना किसी एक दिन की दुर्घटना नहीं, बल्कि उस लंबी लापरवाही का विस्फोट थी जिसमें सुरक्षा को हमेशा बाद में टाल दिया गया। इसी पृष्ठभूमि में एक तीखा सवाल उभरता है—जो अब फुसफुसाहट नहीं, बल्कि कठोर सामाजिक आरोप बन चुका है। यह सिर्फ एक घटना का वर्णन नहीं, बल्कि उस ढांचे का दर्पण है जहाँ शिक्षा धीरे-धीरे जोखिम और लाभ के बीच झूलता हुआ बाजार बन गई है।22 जून 2026 की दोपहर ने लखनऊ के अलीगंज की एक साधारण सी इमारत को मौत के मंजर में बदल दिया। नीचे पेट शॉप और क्लिनिक की रोजमर्रा की हलचल थी, जबकि ऊपर कोचिंग सेंटर में भविष्य संवारने के सपने बुने जा रहे थे। लेकिन कुछ ही पलों में वह इमारत धुएं और आग के भयानक जाल में कैद हो गई। छात्र जान बचाने के लिए भागे, खिड़कियों तक पहुंचे, कुछ ने मजबूरी में छलांग लगाई, पर अधिकांश घने धुएं की दीवार में फंस गए। चीखें धीरे-धीरे खामोशी में घुल गईं। कम से कम 15 युवा जीवन, जो अभी सपनों को पूरी तरह समझ भी नहीं पाए थे, लखनऊ आग में 15 जवान सपनों की राख बनकर हमेशा के लिए मिट गए।यह हादसा किसी अचानक तकनीकी खराबी का नतीजा भर नहीं था, बल्कि उस व्यवस्था की उपज था जिसने वर्षों तक चेतावनियों को अनसुना किया। जिस भवन में कोचिंग संचालित हो रही थी, उसे 2016 में अवैध निर्माण पर एलडीए द्वारा ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी हुआ था, जिसे दो महीने बाद वापस ले लिया गया था। फायर एनओसी मौजूद नहीं था, और आपातकालीन निकास या तो बंद पड़े थे या केवल औपचारिकता बनकर रह गए थे। खिड़कियों पर लगी लोहे की




[खामोश मंजूरी पत्रों ने एक दिन चीखता सच पैदा कर दिया]
[फीस, फ्यूचर और फायर: एक जलती हुई व्यवस्था की कहानी]

जालियाँ/ग्रिल्स बाहर निकलने में बाधक बनीं। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार एसी में संभावित शॉर्ट सर्किट सिर्फ एक चिंगारी थी, असली आग तो उस लापरवाही में थी जो वर्षों से सुलग रही थी। नीचे व्यापार की रफ्तार जारी थी और ऊपर जीवन दम तोड़ रहा था।जैसे-जैसे हादसे की परतें खुलती गईं, वही पुराना और असहज करने वाला सवाल फिर सामने खड़ा हो गया—आखिर यह सब हुआ कैसे? अनुमति किसने दी, निरीक्षण किसने किया, और किसने जानबूझकर नजरें फेर लीं? यह केवल प्रशासनिक लापरवाही भर नहीं दिखती, बल्कि एक ऐसे तंत्र की ओर इशारा करती है जहाँ नियमों की कीमत तय होती है और सुरक्षा सिर्फ कागज़ों तक सीमित रह जाती है। यह पैटर्न नया नहीं है। कोटा की आत्महत्याएँ, दिल्ली के राजेंद्र नगर की बेसमेंट बाढ़ और अब लखनऊ की यह अग्निकांड—हर जगह कहानी एक ही जैसी दिखती है: भीड़ बढ़ाओ, मुनाफा कमाओ और सुरक्षा को बाद के लिए छोड़ दो।आज के दौर में छात्र केवल सीखने वाला नहीं रह गया, बल्कि एक चलती-फिरती आर्थिक इकाई में बदल चुका है। माता-पिता कर्ज के बोझ तले फीस चुकाते हैं, अपनी उम्मीदें गिरवी रखकर बच्चों का भविष्य खरीदने की कोशिश करते हैं। कोचिंग उद्योग इस मानसिक दबाव को बखूबी समझता है, इसलिए उसकी संरचना भी उसी अनुरूप गढ़ी जाती है—ऊंची दीवारें, नियंत्रित प्रवेश और अक्सर बंद पड़े आपात निकास। यही वह व्यवस्था है जिसने शिक्षा को धीरे-धीरे ऐसे तंत्र में बदल दिया है, जहाँ जीवन से अधिक महत्व उपस्थिति और फीस को मिलने लगता है। हादसे के बाद प्रशासनिक प्रतिक्रिया भी उसी पुराने, परिचित ढर्रे पर आगे बढ़ी। जांच के आदेश जारी हुए, शोक संदेश दिए गए, मुआवजे की घोषणाएँ हुईं, कुछ गिरफ्तारियाँ और निलंबन भी हुए—जैसा हर बार होता आया है। मुख्यमंत्री स्तर से कार्रवाई के निर्देश आए, प्रधानमंत्री ने संवेदना व्यक्त की, लेकिन यह संवेदना भी कुछ ही समय में औपचारिकता बनकर रह गई। असली प्रश्न फिर भी अनुत्तरित रहे—क्या यह अंतिम हादसा होगा, या अगली त्रासदी की नींव पहले से ही रखी जा रही है? क्योंकि हर दुर्घटना के बाद यही चक्र दोहराया जाता है और समय के साथ समाज उसे भुला देने की आदत डाल लेता है।अब प्रश्न व्यवस्था की कार्यप्रणाली नहीं, उसकी नींव की ईमानदारी पर है। कोचिंग सेंटरों को शिक्षा का मंदिर नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से व्यावसायिक इकाई मानकर सख्त नियंत्रण में लाना होगा। हर भवन का फायर ऑडिट और संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाणपत्र अनिवार्य होना चाहिए। बेसमेंट में कक्षाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। खिड़कियों पर लगी ग्रिलें रोकने का माध्यम बनने पर दंडनीय अपराध हों, और किसी भी मौत की स्थिति में प्रबंधन पर सीधे आपराधिक हत्या का मुकदमा चले। साथ ही एक स्वतंत्र नेशनल कोचिंग सेफ्टी अथॉरिटी बनाई जाए, जो राजनीतिक दबाव से मुक्त हो। सुधार की सीमा केवल कोचिंग संस्थानों तक नहीं हो सकती। समस्या उस व्यापक शिक्षा ढांचे में छिपी है, जो छात्रों पर एकतरफा दबाव डालकर सफलता का सीमित रास्ता दिखाता है। जब सफलता का एकमात्र मानक प्रतियोगी परीक्षाएँ बन जाती हैं, तो कोचिंग उद्योग स्वत: ही अनियंत्रित बाजार में बदल जाता है। इसलिए स्कूल-कॉलेज स्तर पर सुधार, परीक्षा प्रणाली का संतुलन और मानसिक दबाव में कमी केवल शैक्षणिक सुधार नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले जरूरी कदम हैं।अगर अब भी यह चेतावनी अनसुनी रही, तो हर शहर किसी न किसी दिन लखनऊ की ही पुनरावृत्ति बन जाएगा। हर इमारत किसी अंधेरी रात में लखनऊ आग में 15 जवान सपनों की राख जैसी दर्दनाक कहानी दर्ज करती रहेगी। हम तब भी सिर्फ खबरें पढ़ेंगे, जांचें देखेंगे और अगले हादसे के आने का इंतजार करते रहेंगे। लेकिन उस समय शायद सवाल पूछने वाला कोई नहीं बचेगा—क्योंकि तब तक सपने, उम्मीदें और जीवन, सब कुछ पहले ही राख में बदल चुका होगा।

# छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पीएम-ऊषा की महा-क्रांति

**विष्णु प्रसाद वर्मा**

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा जगत में एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच केंद्र सरकार से मिली प्रमुख स्वीकृतियों और सौगातों की श्रृंखला में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-ऊषा) राज्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रभावी क्रियान्वयन, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नैशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल ग्रेडिंग में सुधार, और अनुसंधान के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारी-भरकम वित्तीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। यह योजना पूर्ववर्ती राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का ही एक परिष्कृत और अधिक उन्नत रूप है।

**अधोसंरचना विकास के लिए मिला मेगा बजट**

इस योजना के तहत देश भर के लिए कुल 12,926.10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस विशाल बजट का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा छत्तीसगढ़ के हिस्से आया है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित पात्र शासकीय विश्वविद्यालयों को मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटीज़ के अंतर्गत प्रति संस्थान 20 करोड़ से लेकर 100 करोड़ रुपए तक का भारी-भरकम अनुदान मिल रहा है। वहीं, चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों को बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए तक का प्रोजेक्ट-बेस्ड अनुदान स्वीकृत किया जा रहा है। इस वित्तीय भार का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60:40 के अनुपात (60 प्रतिशत केंद्रांश और 40 प्रतिशत राज्यांश) में किया जा रहा है।

**धरातल पर उतरी योजना: स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक लैब का निर्माण जारी**

छत्तीसगढ़ में यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से प्रगति कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया जा चुका है। वर्तमान में, चयनित कॉलेजों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इसके साथ ही, राज्य के शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, और कंप्यूटर सेंटर जैसे अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# मोदी के कार्यकाल के बारह वर्षों ने समूची दुनिया को भारत को अलग नज़रिए से देखने के लिए प्रेरित किया

**लक्ष्मी पुरी**

उन्होंने स्वयं को एक अत्यंत बेहतरीन संकट-प्रबंधक के रूप में प्रमाणित किया है। केवल उनके दृढ़ संकल्प, साहस और सावधानीपूर्वक की गई कार्रवाई के बल पर ही 1.4 बिलियन भारतीयों का महामारी जैसी सदी की भीषणतम आपदा से सुरक्षित निकालना तथा उस आपदा को अवसर में बदलना संभव हुआ। वह अब भारत का नेतृत्व ऐसे समय में कर रहे हैं, जब वैश्विक भूराजनीतिक और भू-आर्थिक व्यवस्था खतरनाक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है।

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह उपलब्धि उनकी भी है और भारत की भी: उनसे पहले किसी ने भी इस लोकतंत्र में लगातार इतने लंबे समय तक शासन नहीं किया और न ही इतनी प्रतिस्पर्धी राजनीति के बीच किसी ने लगातार तीन बार चुनावी जीत हासिल की है। हालाँकि, रिकॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने क्या कार्य किया है : अपने कार्यकाल के प्रत्येक मिनट के पूरे साठ सेकेंड का भारत के लिए पूरी ऊर्जा के साथ उपयोग करते हुए उसे सार्थक बनाया, उनके इन बारह वर्षों का प्रत्येक वर्ष 365 दिनों की उपलब्धियों से चिह्नित रहा, और इसी दौरान उस नए, गतिशील भारत का निर्माण हुआ, जिसे आज दुनिया एक अलग नजरिए से देख और समझ रही है।

मैंने अपनी कामकाजी ज़िंदगी फील्ड में, राजधानियों में, बोर्ड और कॉन्फ्रेंस रूम में तथा संयुक्त राष्ट्र में बितायी है—जहाँ देशों के बारे में दुनिया अपनी राय कायम करती है। बीते एक दशक जो परिवर्तन आया है, वह मेरे द्वारा देखे गए परिवर्तनों में सबसे अधिक उल्लेखनीय है: भारत के प्रति पहले जो उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण हुआ करता था, उसकी जगह अब प्रतिस्पर्धी रुचि, सीखने की इच्छा ने ले ली है, दुनिया भारत के उस परिवर्तन को विस्मय से देख रही है, जिसमें वह एक 'सिद्धांतों के आधार पर आपत्ति दर्ज करने वाले' और 'व्यवस्था को स्वीकार करने वाले' देश की जगह अब 'व्यवस्था को आकार देने वाले' देश के रूप में उभरा है, आज भारत बहुआयामी कूटनीतिक सहभागिता और रणनीतिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा है। वह न केवल अपने प्रभाव का उपयोग अपने विचारों के समर्थन में कर रहा है, बल्कि अपने विचारों के समर्थन को भी शक्ति में परिवर्तित कर रहा है।

दुनिया इस शख्सियत का सही आकलन करती है: उन्हें सत्ता विरासत में नहीं मिली; उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वोच्च पद तक का सफर बिना किसी पारिवारिक नाम के सहारे, रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर बीते बचपन से तय किया; उन्होंने भारत के कोने-कोने की यात्रा की, लोगों को समझा,



उनके साथ बैठकर भोजन किया, उनके सुख-दु:ख में भागीदार बने और जमीनी स्तर से अपना राजनीतिक जीवन निर्मित किया। वंशानुगत सत्ता और विशेषाधिकार प्राप्त उत्तराधिकार से ऊब चुकी दुनिया में, ऐसे नेता की छवि अधिक भरोसेमंद होती है, जिन्होंने अपनी पहचान स्वयं गढ़ी हो। वह भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देश की सभ्यतागत पहचान को अपनी पहचान के रूप में धारण किया है, न कि उसके प्रति क्षमायाचना का भाव रखा है अथवा विदेशी वेशभूषा और दृष्टिकोण अपनाकर स्वयं को किसी अन्य रूप में प्रस्तुत किया है।

वैश्विक जनमत का आकलन करने वाले सर्वेक्षण इस बात से सहमत है: वर्षों से श्री मोदी लोकतांत्रिक नेताओं की मॉर्निंग कंसल्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, उनकी स्वीकृति दो-तिहाई से अधिक रही है, जो पश्चिमी नेताओं से काफी आगे है। प्यू के सर्वेक्षणों के अनुसार, दस में से आठ भारतीय उनके प्रति अनुकूल दृष्टिकोण रखते हैं, और वे अपने देश की दिशा से अधिकांश परिपक्व लोकतंत्रों की तुलना में अधिक संतुष्ट हैं। सरकारें इस बात से सहमत हैं : उन्होंने 19 विदेशी संसदों को संबोधित किया है और लगभग 30 देशों के राजकीय सम्मान प्राप्त किए हैं, जिनमें से कई उन देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं।

अपने लोगों से वह सीधे संवाद करते हैं, हर महीने 'मन की बात' के माध्यम से अपने मन और हृदय की बात खुलकर रखते हैं; जबकि अन्य देशों के नेताओं के साथ उनका व्यवहार ऐसा है, जिसने वाशिंगटन और मॉस्को, खाड़ी देशों और यूरोप—सबको एक साथ किसी अद्भुत 'जादुई प्रभाव' के साथ जोड़कर रखा है।

भारत अब मॉडल आयात करने के बजाय उन्हें निर्यात कर रहा है। उसकी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना दुनिया के लगभग आधे रियल-टाइम भुगतान को संचालित करती है और लाखों खातों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाती है। आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी के चंगुल से बाहर आए हैं: 'अंत्योदय', जो राज्य के संचालन का आधारभूत सिद्धांत है, केवल एक नारा भर नहीं, बल्कि ऐसा सिद्धांत है, जो सुनिश्चित करता है कि कोई भी पीछे न छूटे और सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक पहले सहायता पहुँचे, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र के 'एजेंडा 2030' ने भी आह्वान किया है। यदि किसी नेता ने इस सिद्धांत के अनुरूप वास्तव में शासन किया है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी हैं। महामारी के दौरान भारत ने 2 बिलियन से अधिक टीके लगाए, 800 मिलियन लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया, लगभग 100 देशों को वैक्सीन और 150 देशों को दवाएँ उपलब्ध कराईं। संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' के रूप में नामित किया, जबकि गेट्स फाउंडेशन ने गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, ऊर्जा और जलवायु में मापनीय प्रगति के लिए उन्हें सतत विकास लक्ष्यों के 'ग्लोबल गोलकीपर' के रूप में नामित किया; यूनिसेफ और यूएन विमेन ने भी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण से संबंधित उनके प्रयासों की सराहना की है, जिनमें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसी पहलें शामिल हैं।

उनके लक्षित और बहु-क्षेत्रीय कार्यक्रम महिलाओं और लड़कियों के जीवन में —घर से कॉलेज तक, छोटे कियोस्क से कॉर्पोरेट जगत तक, स्थानीय शासन से संसद तक संरचनात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नैतिक और सामाजिक न्याय की अनिवार्यता के रूप में आगे बढ़ाया है, जो देश की आधी आबादी की क्षमता को सक्रिय करने के लिए अपरिहार्य है। कोई भी राष्ट्र सशक्त महिलाओं के बिना आगे नहीं बढ़ सकता; भारत अब इस सत्य को एक महाद्वीप-स्तरीय व्यापकता के साथ लागू कर रहा है।

उन्होंने भारतीयों के भीतर 'भारतीय होने' का गर्व पुन: स्थापित किया है—देश के भीतर भी और दुनिया भर में फैले 3.5 करोड़ प्रवासी भारतीयों में भी - जो विश्व का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। राष्ट्र एकजुट होकर आगे बढ़ा है- महामारी के दौरान सामूहिक संकल्प में, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सशस्त्र बलों के समर्थन में, और महाकुंभ में, जहाँ 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु मानव इतिहास के सबसे बड़े समागम का हिस्सा बने।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज किसी विशेष काम के प्रति आपकी बहुत अधिक मेहनत होगी तथा उसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। अगर प्रॉपर्टी से जुड़ा काम रुका है, तो उससे संबंधित फैसले लेने का उचित समय है। धार्मिक यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज वित्तीय योजनाओं से जुड़े कामों पर ध्यान देंगे। आज आपको किसी काम में विशेष फायदा होने वाला है। आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। छात्रों को अपने किसी प्रतियोगिता संबंधी समस्या का आज समाधान मिलने से रिलैक्स फील होगा।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से किसी कार्य को लेकर चल रही योजनाएं कामयाब होगी। आज आपकी लगन और मेहनत आपको उचित परिणाम हासिल करवाएगी। आज आपका सहयोग परिवारजनों का हिम्मत और हौसला बढ़ाएगा।

कर्क राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में जरूरत पड़ने पर भाइयों या नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा, उनकी सलाह से परेशानियों से निजात मिलेगी। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति से उलझने से बचना चाहिए। आज ऑफिस के माहौल में राजनीति जैसी स्थिति रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन भर कुछ ना कुछ नया करने के बारे सोचेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या के समय परिवार का सहयोग आपके लिए मददगार साबित होगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप आत्मविश्वास और ऊर्जा द्वारा अपने अन्य कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। आज कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज अचानक किसी खास मित्र के साथ मुलाकात होगी, तथा किसी विशेष मुद्दे पर लाभदायक विचार-विमर्श होंगे। धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में भी कुछ समय लगाने से मानसिक ऊर्जा बनी रहेगी।

वृश्चिक राशि :आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में खुशखबरी मिलने से पूरा दिन खुशनुमा बीतेगा। प्रभावशाली तथा अनुभवी व्यक्ति के सानिध्य में समय बिताने का मौका मिलेगा। आज आपके व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। विशेष काम में चल रही समस्याएं आज दूर होंगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज घर में बदलाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो उस पर काम करने के लिए अच्छा समय है। कोशिश करने पर मनचाहा काम पूरा हो सकता है। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलने की पूरी संभावना है।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवरटाइम भी करना पड़ेगा। विवाहित जीवन मधुरता से परिपूर्ण रहेगा। घर के बड़े बुजुर्गों के अनुशासन व देखरेख से घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे। आयात-निर्यात के बिजनेस में फायदे के अच्छे मौके मिलेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कोशिश और मेहनत से अच्छे नतीजे मिलने के योग हैं। आज किसी प्रशासनिक कार्य में राजनीतिक व्यक्ति की मदद भी मिल सकती हैं।

मीन राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद सभी कार्य सहज रूप से पूरे हो जाएंगे। घर में आए मेहमानों के उचित आवभगत भी करेंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

# नारी शक्ति का दशक, विकसित भारत का उत्कर्ष

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**

देश के किसी भी गाँव, बस्ती या सुदूर इलाके में जाइए- हर घर की रसोई में एक जैसी बदली हुई हवा महसूस होगी। चूल्हे के जिस काले धुएँ ने कभी नई दुल्हन की आँखों में आँसू भरे थे, उज्ज्वला की नीली लौ ने उसे विदा कह दिया है। जो माँ कभी कोसों दूर से पानी ढोती थी, आज उसकी बेटी के पास 'हर घर जल' का अपना नल है। खेत के पीछे की वह शर्मनाक मजबूरी अब इतिहास है- आँगन में स्वच्छ भारत का शौचालय गरिमा के साथ खड़ा है। सिर पर पक्की छत है, और उसके मालिकाना हक पर पहली बार- घर की महिला का नाम लिखा है। पर्स में जन-धन की पासबुक है और फोन में यूपीआई का ऐप है।

यह किसी पोस्टर पर छपी कोई काल्पनिक तस्वीर नहीं, बल्कि मोदी सरकार के बारह वर्षों में महिला सशक्तिकरण का एक ऐसा सच है, जिसे देश की करोड़ों महिलाएँ हर रोज़ जी रही हैं। यह उस दौर की दास्तान है जिसमें महिलाओं के नेतृत्व में विकास के विजन के साथ भारतीय नारी विकसित भारत की शिल्पकार बन रही है।

इस बदलाव की विशालता को समझने के लिए एक दशक पीछे लौटिए। एक समय मातृ मृत्यु दर 212 थी। निर्भया जैसी घटना पर देश का आक्रोश सड़कों पर था, लेकिन व्यवस्था में नीतिगत इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता की कमी दिखाई देती थी। महिला आरक्षण विधेयक 1996 से चार बार अधर में लटका रहा और ट्रिपल तलाक पर दशकों तक कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई। चूल्हा साँसों में कालिख घोलता था। दूरस्थ हैंडपंप रोज़मर्रा की बेबसी का प्रतीक था द्य भारतीय नारी एक नई सुबह की प्रतीक्षा में अपने हिस्से की उम्मीद बचाए हुए थी।

शुरुआत करते हैं सबसे पवित्र आँकड़े—जीवन का अधिकार से। देश में मातृ मृत्यु दर तेजी से घटकर 212 से 88 पर आ गई है। यूएन-एमएमईआईजी के अनुसार जहाँ वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में महज़ 48 प्रतिशत की कमी आई, वहीं भारत ने 86 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की है। संस्थागत प्रसव 38.7 प्रतिशत से बढ़कर 90.6 प्रतिशत हो चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने चार करोड़ से अधिक माताओं के बैंक खातों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे हस्तांतरित कर सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की नींव मजबूत की है।

देश में बने 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों ने महिलाओं को गरिमा दी द्य10.5 करोड़ से अधिक उज्ज्वला कनेक्शनों ने धुएँ से मुक्ति दी। आज 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल का पानी पहुँच चुका है—जबकि 2014 में महज 17 प्रतिशत परिवारों के पास यह सुविधा थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 4 करोड़ घरों में से 73 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार सरकारी रिकॉर्ड्स पर माँ-बहनों का नाम गर्व से दर्ज है।

गरिमा से स्वामित्व आया, और स्वामित्व ने निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिया। आर्थिक भागीदारी का यह विस्तार बैंक खाते से शुरू होकर उद्यमिता तक पहुँचा है द्य लगभग 56 करोड़ जन-धन खातों में 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के नाम पर हैं।

विश्व बैंक मानता है- भारत ने एक दशक में खाता-स्वामित्व के जेंडर गैप को शून्य पर ला दिया है, जो वैश्विक वित्तीय समावेशन के इतिहास में अभूतपूर्व है। मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक जमानत-मुक्त ऋणों में से 68 प्रतिशत ऋण महिलाओं को मिले हैं। स्टैंड-अप इंडिया ने महिला उद्यमियों को 43,000 करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं और दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई है। निर्धारित समय से पहले 3 करोड़ बहनें 'लखपति दीदियाँ' बन चुकी हैं।

यह बदलाव शिक्षा और रोजगार में भी स्पष्ट है द्य देश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी वर्ष 2017-18 के 23.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह भागीदारी 47.6 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है । सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब तक 4.53 करोड़ खातों में 3.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है । उच्च शिक्षा में हमारा जेंडर समानता सूचकांक 1 के पार है और एसटीईएम शिक्षा में बेटियों की भागीदारी 43 प्रतिशत है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है।

यह परिवर्तन केवल अनुभवों में नहीं, एसआरएस, एनएफएचएस, पीएलएफएस, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र—हर रिपोर्ट एक ही दिशा की ओर इशारा करती है: भारतीय महिला के लिए पहुँच बढ़ी है और आत्मनिर्भरता का नया आसमान खुला है।

इसी आर्थिक-सामाजिक चेतना का विस्तार राजनैतिक और लोकतांत्रिक भागीदारी में दिख रहा है। वर्ष 2019 के आम चुनावों में पहली बार महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में 31.2 करोड़ महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया—यह वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी थी द्य इसी के फलस्वरूप दशकों से लंबित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद में ऐतिहासिक सर्वसम्मति से पास हुआ। आज जमीनी स्तर पर 14.5 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधि पंचायतों का नेतृत्व कर रही हैं। देश की रक्षा की अग्रिम पंक्ति में भी महिलाएँ राफेल उड़ा रही हैं और नौसेना की कमान संभाल रही हैं। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने ट्रिपल तलाक पर प्रभावी रोक लगाई, जिससे ऐसे मामलों में 82 प्रतिशत की कमी आई है।देशभर में स्थापित 973 वन स्टॉप सेंटर्स पर संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी सहायता और काउंसलिंग मिल रही है द्य महिला हेल्पलाइन-181 ने अब तक 1 करोड़ से अधिक महिलाओं की मदद की है । मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आँगनवाड़ी—ये नारी-नेतृत्व वाले भारत की रीढ़ हैं।

बेशक, महिला सशक्तिकरण की राह में अभी भी चुनौतियाँ हैं, जिन पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसके साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम आगामी परिसीमन की प्रक्रिया की प्रतीक्षा में है।



## तेलंगाना के नालगोंडा में घर में कई दिन से बंद पति-पत्नी और 2 बच्चों का शव मिला

नालगोण्डा(आरएनएस)। तेलंगाना के नालगोंडा जिले में एक घर के अंदर परिवार के 4 लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। इनमें पति-पत्नी और उनके 2 बच्चे शामिल हैं। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई, जब सोमवार को आसपास के लोगों को घर से भीषण दुर्गंध आने लगी। पड़ोसियों ने नालगोंडा वन टाउन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर 4 लोगों के शव बुरी अवस्था में पड़े थे। शव में कीड़े लग चुके थे।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद सुल्तान (45), उनकी पत्नी हसीना (41), बेटे मुजम्मिल (20) और बेटी अभकारहा (14) के रूप में हुई है। चारों सागर रोड स्थित तेलंगाना कॉलोनी में रहते थे। पुलिस ने बताया कि शवों को देखकर लग रहा है कि इनकी मौत 4 से 5 दिन पहले हुई होगी। अभी तक हत्या और आत्महत्या को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सुल्तान प्रकाश बाजार में बैग की दुकान चलाते थे। हसीना एक निजी स्कूल में शिक्षिका थीं। मुजम्मिल एयर कंडीशनिंग का मैकेनिक था और अभकारहा कक्षा 10 की छात्रा थीं। रिश्तेदारों का कहना है कि दंपति अक्सर झगड़ते थे। मुजम्मिल और अभकारहा सुल्तान की पहली पत्नी के बच्चे थे। हसीना सुल्तान की दूसरी पत्नी थी। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को बताया कि परिवार का एक और सदस्य था, जो गायब है।

## अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दिया, राष्ट्रपति ने स्वीकारा

नईदिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया। कुरियन केरलम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनको 6 साल पहले राज्यसभा लाया गया था और 2024 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया। उनका राज्यसभा का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो गया था, जिसके बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।

कुरियन मोदी सरकार में इकलौते ईसाई मंत्री थे। वे अल्पसंख्यक मामलों के साथ ही मत्स्य पालन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे थे। भाजपा ने पहले ही संकेत दिया था कि वह कुरियन को राज्यसभा में दूसरी बार नहीं भेज रही है। उनकी जगह मध्य प्रदेश से भाजपा के महासचिव तरुण चुग को राज्यसभा भेजा गया है। चर्चा है कि केरल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के कारण उनको दोबारा मनोनित नहीं किया गया।कुरियन (65) अगस्त 2024 से मोदी की तीसरी कैबिनेट में राज्य मंत्री थे। वे केरल में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और सुप्रीम कोर्ट में वकील रह चुके हैं। उनको जून, 2024 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्रालय का जिम्मा दिया गया था। इससे पहले, कुरियन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उससे पहले वे केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ओ राजगोपाल के विशेष कर्तव्य अधिकारी रहे थे।

## तमिलनाडु में अमोनिया लीक हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हुई

चेन्नई,(आरएनएस)। तिरुवल्लूर में झींगा प्रोसेस करने वाली एक प्राइवेट फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है. सेंट पीटर एंड पॉल सीफूड एक्सपोर्ट्स, तिरुवल्लूर जिले में पेरियापालयम के पास कनिगईपायर गांव में एक प्लांट चलाती है. रविवार, 21 जून को फैक्ट्री में कूलिंग पाइप से अचानक अमोनिया गैस लीक हो गई.

वहां मौजूद लगभग 80 लोग इससे प्रभावित हुए. गैस लीक होने के कुछ ही मिनटों के अंदर, कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और वे एक-एक करके बेहोश होकर गिरने लगे. उन्हें एम्बुलेंस से बचाया गया और इलाज के लिए चेन्नई और तिरुवल्लूर के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया. जिला प्रशासन, पुलिस, फायर और रेस्क्यू सर्विस और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर तेजी से बचाव और राहत कार्य किए.

इस घटना में कुल 77 लोग प्रभावित हुए जिनमें असम के 20, ओडिशा के 29, झारखंड के 8 और तमिलनाडु के 5 लोग शामिल थे. वेल्स अस्पताल में भर्ती 33 लोगों में से दो को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि तीन की मौत हो गई. वहीं 28 लोगों का इलाज चल रहा है।

तिरुवल्लूर वेंकटेश्वर अस्पताल में भर्ती 19 मरीजों में से एक की मौत हो गई, जबकि 18 का इलाज चल रहा है. चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में भर्ती 13 मरीजों में से दो की मौत हो गई और 11 का इलाज चल रहा है. सरकारी स्टेनली अस्पताल में भर्ती 12 मरीजों में से दो की मौत हो गई, जबकि 10 का इलाज चल रहा है. कुल मिलाकर इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है और दो लोग घर लौट चुके हैं. 67 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जंतर-मंतर पर सांकेतिक धरना, किसानों ने सरकार को दी चेतावनी




नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को जंतर-मंतर पर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने सांकेतिक धरना दिया. धरने में शामिल किसान नेताओं ने कहा कि यदि सरकार इस समझौते को आगे बढ़ाती है तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान देश के किसानों, डेयरी क्षेत्र और पोल्ट्री उद्योग को होगा. किसानों ने सरकार से इस प्रस्तावित समझौते पर पुनर्विचार करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि उनकी बात नहीं सुनी गई तो आने वाले दिनों में बड़ा किसान आंदोलन शुरू किया जाएगा.धरने के दौरान किसान नेता जगदीश सिंह डल्लेवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जिस ट्रेड डील पर बातचीत चल रही है, उसे लेकर किसानों में गंभीर चिंता है. उन्होंने कहा कि किसान संगठन इस समझौते का विरोध कर रहे हैं और सरकार को चेतावनी देने के लिए ही जंतर-मंतर पर यह सांकेतिक धरना दिया गया है. डल्लेवाल ने कहा कि यदि सरकार इस समझौते से पीछे नहीं हटती और इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ती है, तो आने वाले समय में देशभर के किसान बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे. उन्होंने कहा कि किसान अपने अधिकारों और खेती-किसानी को बचाने के लिए संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे।

किसान नेताओं का कहना है कि यदि अमेरिका से कृषि उत्पाद, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री से जुड़ी वस्तुएं भारत में बड़े पैमाने पर आयात होने लगीं, तो इसका सीधा असर भारतीय किसानों की आय पर पड़ेगा. उनका आरोप है कि विदेशी उत्पादों के आने से घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा.धरने में लगाए गए बैनरों पर भी कृषि, डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्रों को बचाने की मांग प्रमुखता से दिखाई दी।

## जुबीन गर्ग की मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने किया हस्तक्षेप, असम सरकार को भेजा नोटिस

नईदिल्ली (आरएनएस)। मशहूर गायक जुबीन गर्ग की आकस्मिक मौत का मामला अभी भी अनसुलझा है। ताजा अपडेट है कि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी श्यामकानु महंत की जमानत याचिका पर असम सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।



बता दें, श्यामकानु उस नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक थे, जिसमें शामिल होने गायक सिंगापुर पहुंचे थे। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने गायक की हत्या और साजिश के आरोपों में उन्हें अक्टूबर, 2025 में गिरफ्तार किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, श्यामकानु ने अपनी जमानत याचिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, क्योंकि गुवाहाटी हाई कोर्ट ने 29 मई को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जॉयमाल्य बागची की बेंच ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही 3 हफ्ते का समय दिया है और मामले की सुनवाई जुलाई, 2026 के आखिर में तय की है।

जुबीन का 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर के लाजरस द्वीप के पास तैराकी करते समय आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी संदिग्ध मौत मामले की जांच सीआईडी द्वारा गठित विशेष जांच टीम कर रही है। मामले में अब तक कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें आयोजक श्यामकानु और गायक के मैनेजर सिद्धार्थ सरमा भी शामिल हैं। बता दें, जुबीन ने इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म गैंगस्टर में या अली गाने से खूब लोकप्रियता हासिल की थी।

## राशिद हत्याकांड का तीसरा मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

नई दिल्ली(आरएनएस)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के चर्चित राशिद हत्याकांड में दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने मंगलवार तड़के एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद मामले के तीसरे मुख्य आरोपी हारून सैफी को गिरफ्तार कर लिया. मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है।




दिल्ली पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान 24 वर्षीय हारून सैफी के रूप में हुई. वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में हुए राशिद हत्याकांड में वांछित था और लंबे समय से फरार था.पुलिस को मंगलवार तड़के हारून की मौजूदगी के संबंध में विशेष सूचना मिली. इसके बाद उत्तर-पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने सिग्नेचर ब्रिज और खजूरी खास मेट्रो स्टेशन के बीच इलाके में घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया. इस दौरान आरोपी और पुलिस के बीच कुछ देर तक गोलीबारी हुई. जवाबी कार्रवाई में हारून के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया. पुलिस ने बताया कि हारून के पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की गई है. उसके खिलाफ दयालपुर थाने में दर्ज एफआईआर के तहत भारतीय न्याय संहिता तथा आर्म्स एक्ट की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज है.जांच के मुताबिक 15 जून को दयालपुर इलाके में राशिद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस का कहना है कि यह वारदात अनवर ठाकुर-हारून गैंग और नसीम गैंग के बीच पुरानी गैंगवार और आपसी रंजिश का नतीजा थी. इससे पहले 18 जून को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी एक अलग मुठभेड़ के बाद इस हत्याकांड में शामिल दो अन्य वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया था।




*केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली के कृषि भवन में रा%यों के कृषि मंत्रियों, कृषि सचिवों, ज़िला कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ।*

## पंजाब के बठिंडा में बीजेपी नेता के क्लीनिक पर पेट्रोल बम से हमला

बठिंडा,(आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आज बठिंडा पहुँचने से पहले एक बड़ी घटना हुई. बठिंडा के मेला राम करोड़ इलाके में स्थित डॉ. तरसेम गर्ग के क्लिनिक पर मोटरसाइकिल सवारों ने पेट्रोल बम से हमला किया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की बड़ी टीम मौके पर पहुँच गई. बठिंडा के एसएसपी ने खुद इस घटना का संज्ञान लिया।

इस घटना पर डॉ. तरसेम गर्ग ने कहा, मेरा घर पीछे है और यह मेरा ऑफिस (क्लिनिक) है, जहाँ पेट्रोल बम फेंका गया. यहाँ मेरा ड्राइवर और अकाउंटेंट सो रहे थे, जिन्होंने मुझे फोन पर इसकी जानकारी दी. हमने पुलिस को सूचना दी. एसपी और अन्य पुलिस अधिकारी खुद मौके पर पहुँचे और मामले की बारीकी से जाँच कर रहे हैं.अंदर खड़ी स्कूटर को कुछ नुकसान पहुँचा है और गमले भी जल गए. कोई जनहानि नहीं हुई है. पुलिस हमेशा अलर्ट रहती है. हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि पुलिस सक्रिय नहीं थी, पुलिस अपना काम कर रही थी.एसपी नरिंदर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सीआईए स्टाफ, फ़ोरेंसिक टीम और दूसरे अधिकारियों समेत पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुँच गई. उन्होंने कहा, डॉ. तरसेम गर्ग के क्लिनिक पर पेट्रोल बम से हमला किया गया. हमले के दौरान पेट्रोल बम क्लिनिक के बाहर रखे गमलों पर गिरे, जिससे नुकसान हुआ. सीसीटीवी में दिखा कि दो युवक मोटरसाइकिल पर आए बोतल में आग लगाई और उसे अंदर फेंक दिया. उन्होंने कहा, पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाई हैं और इस घटना के लिए ज़िम्मेदार लोगों की तलाश कर रही है. सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है.गौरतलब है कि डॉ. तरसेम गर्ग को आम आदमी पार्टी ने पंजाब व्यापार आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया था. पिछले महीने बठिंडा में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान, डॉ. तरसेम गर्ग ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी और उनकी पत्नी ने बीजेपी के चुनाव चिह्न पर नगर परिषद का चुनाव लड़ा।

# 'बायोमेट्रिक सिस्टम की वजह से दरवाजा लॉक, बिजली के तार के सहारे नीचे उतरे', लखनऊ अग्निकांड में बचे आसिफ की आपबीती



लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ के अलीगंज इलाके में एक कमर्शियल बिल्डिंग में लगी भीषण आग में 15 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में बाल-बाल बचे मोहम्मद आसिफ ने बताया कि बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर बने स्टूडियो का एंट्री गेट बायोमेट्रिक सिस्टम की वजह से लॉक हो गया था और वह बिजली के तार के सहारे नीचे उतरे।आईएएनएस से ??बात करते हुए आसिफ ने कहा, हम लंच के बाद बैठे थे और दोबारा काम शुरू करने ही वाले थे कि स्टाफ के लोग आए और बताया कि शॉर्ट सर्किट जैसा कुछ हुआ है और आग लग गई है।आसिफ ने कहा, हम धीरे-धीरे बाहर निकलने लगे। जब हम बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तो बायोमेट्रिक मशीन पर अटेंडेंस लगा रहे थे, लेकिन बिजली नहीं थी और फिंगरप्रिंट सिस्टम काम नहीं कर रहा था। दरवाजा भी नहीं खुल रहा था। किसी तरह, हम दूसरे कमरे में गए और एक दरवाजे से बाहर निकले। तब तक सीढ़ियों में धुआं भर चुका था। हम वापस भागे, तौलिये से अपना मुंह ढका और बचने की कोशिश की। जब हम खिड़की के पास गए, तो और ज्यादा धुआं अंदर आ रहा था।आसिफ ने बताया कि हमने एक छोटी खिड़की के पास से गुजरता हुआ बिजली का तार देखा। हमने उस तार के सहारे नीचे उतरने की कोशिश की। मैं और चार-पांच अन्य लोग उसके सहारे नीचे आ पाए।उन्होंने बताया कि दम घुटने से बचने की कोशिश में कुछ लोगों ने खुद को वॉशरूम में बंद कर लिया। लेकिन वे बच नहीं पाए। आसिफ़ ने कहा, हमारे एक साथी जयंत गुप्ता ने कांच की खिड़की तोड़ी और वहां से कूदने की कोशिश की, लेकिन वह लोहे की रेलिंग पर गिर गए, जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई। वह करीब आधे घंटे तक सड़क पर पड़े रहे, जिसके बाद एम्बुलेंस आई।उन्होंने कहा, फायर ब्रिगेड एक घंटे से ज़्यादा समय के बाद पहुंची। मुझे नहीं पता कि वे कितने लोगों को बचा पाए होंगे। उन्होंने याद करते हुए बताया कि आग इतनी तेज थी कि 100 मीटर दूर से भी उन्हें अपनी त्वचा जलती हुई महसूस हो रही थी।

आसिफ़ ने कहा कि फायर अलार्म काम नहीं कर रहा था। हमें लगभग एक घंटे बाद मदद मिली। बाहर लोग चिल्ला रहे थे, हमसे बाहर आने को कह रहे थे और बता रहे थे कि आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई है। हमें आग की गंभीरता का अंदाजा नहीं हुआ क्योंकि अंदर सिर्फ धुआं भरा हुआ था।वहीं, इस हादसे को देखने वाली माला निगम ने भी कहा कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि किसी के लिए भी जान बचाने के लिए बिल्डिंग के अंदर जाना मुमकिन नहीं था।उन्होंने आईएएनएस को बताया, ग्राउंड फ्लोर पर एक पेट शॉप थी जिसमें कुत्ते, बिल्लियां और दूसरे पालतू जानवर थे। वहां मौजूद लोगों ने जल्दी-जल्दी पिंजरे बाहर खींचकर और कुछ जानवरों को बाहर फेंककर उन्हें बचाने की कोशिश की। ऊपर से सिर्फ़ कुछ ही लोग नीचे आ पाए, दो-तीन बच्चे कूद गए और घायल हो गए। उसके बाद आग इतनी तेज हो गई कि किसी को भी बचाना मुमकिन नहीं रहाउन्होंने आगे कहा कि अगर फायरफाइटर्स छत तक पहुंच पाते तो शायद और बच्चों को बचा सकते थे। माला ने कहा, छत का दरवाजा शटर से लॉक था। बच्चे फंस गए और अंदर ही बंद रह गए। मैं उस मंजर को बयां नहीं कर सकती। बच्चे घबराहट में अपने माता-पिता को फोन कर रहे थे, कुछ ने तो खुद को बचाने की कोशिश में वॉशरूम में बंद कर लिया था।

# दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के जोर पकड़ने के साथ ही महाराष्ट्र में हुई झमाझम बारिश



नई दिल्ली, (आरएनएस)। भले ही मॉनसून की बारिश अभी तक दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में नहीं पहुंची है, लेकिन बेमौसम बारिश ने कुछ इलाकों में भीषण गर्मी से राहत दी है. राष्ट्रीय राजधानी में मौसम के बदलते मिजाज कभी धूप तो कभी घने बादल की वजह से तापमान कम बना हुआ है. मौसम विभाग ने यह अनुमान लगाया है कि 23 जून से 26 जून के बीच मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. इस दौरान 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से तेज हवा भी चल सकती है।

आईएमडी के अनुसार सोमवार को सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा. पालम में तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रिज और आया नगर में तापमान क्रमश: 24.6 डिग्री सेल्सियस और 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. लोधी रोड पर न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा.मौसम विभाग ने 23 जून को तापमान में थोड़ी गिरावट का अनुमान लगाया है. आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है. अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है.मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ की कुछ जगहों पर अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच है. तेलंगाना, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भी तापमान इसी बीच में है, जबकि देश के बाकी हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम है.लंबे समय तक सूखे के बाद महाराष्ट्र में आखिरकार बारिश हुई क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राज्य के कई हिस्सों में आगे बढ़ गया।

## *टीएमसी नेता सब्यसाची दत्ता की करीबी टीना भौमिक के घर छापा, 3 किलो सोना बरामद*

*कोलकाता, (आरएनएस)। तृणमूल नेता और पूर्व विधायक सब्यसाची दत्ता की करीबी सहयोगी टीना भौमिक के घर से लगभग तीन किलोग्राम सोना बरामद किया गया. बिधाननगर नॉर्थ थाने की पुलिस ने सब्यसाची दत्ता के साथ मिलकर सोमवार रात भर नादिया जिले के तेहट्टा सब-डिविजन में दो जगहों पर तलाशी ली और यह सोना बरामद किया. इसके अलावा टीना को इस आने वाले गुरुवार को बिधाननगर नॉर्थ पुलिस स्टेशन में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया.इससे पहले 16 जून को पुलिस सब्यसाची दत्ता को साथ लेकर उत्तर 24 परगना के गाइघाटा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले उत्तर बागना गाँव में उनके ससुराल गई थी और वहाँ तलाशी ली थी. इस बार, बिधाननगर नॉर्थ स्टेशन के अधिकारियों ने उनके साथ नदिया में कई जगहों पर छापेमारी की.पुलिस सूत्रों के मुताबिक अधिकारी सोमवार रात टीना भौमिक के घर गए, जो सब्यसाची दत्ता की करीबी मानी जाती है. पहले करीमपुर में उनके मायके में तलाशी ली गई और उसके बाद नजीरपुर में उनके ससुराल में तलाशी ली गई. खबर है कि इन ऑपरेशन्स के दौरान तीन किलोग्राम सोना बरामद किया गया. तृणमूल कांग्रेस में टीना भौमिक 2019 में सामने आई. पार्टी में शामिल होने के बाद उन्हें तेजी से कई जिम्मेदारियां सौंपी गई. इसके बाद सब्यसाची दत्ता को अक्सर उनके घर पर होने वाले कार्यक्रमों या उनकी पहल पर आयोजित राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते देखा जाता था।*

## मणिपुर में सुरक्षा बलों ने जॉइंट ऑपरेशन में हथियारों का जखीरा बरामद किया

तेजपुर, (आरएनएस)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में तीन दिनों तक उग्रवाद विरोधी अभियान चलाया. जॉइंट ऑपरेशन के बाद हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

मणिपुर पुलिस ने एक्स पोस्ट में बताया कि हथियारबंद उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, 20 जून को मणिपुर पुलिस, सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, रैपिड एक्शन फोर्स, कोबरा यूनिट्स और इंडियन आर्मी ने मिलकर कांगपोकपी जिले के लीलोन वैफेई, लीलोन मुनलुई, मोल्होई, पी. मोल्डिंग, लीलोन खुनौ और आस-पास के इलाकों में ऑपरेशन शुरू किया. ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाकर्मियों पर संदिग्ध उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी हुई. जॉइंट फोर्स ने 21 और 22 जून तक बड़े पैमाने पर तलाशी और इलाके पर नियंत्रण करने का ऑपरेशन जारी रखा।

पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन में बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए, जिसमें 17 सिंगल और डबल-बैरल बंदूकें, दो एके-47 असॉल्ट राइफल, एक एम4 कार्बाइन, दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक एसकेएस राइफल और एक इम्प्रोवाइज्ड स्नाइपर .303 राइफल शामिल हैं. सुरक्षा बलों ने 11 सिंगल बैरल लोडिंग राइफले, साथ ही कई तरह के गोला-बारूद, संचार उपकरण और युद्ध जैसे दूसरे सामान भी जब्त किए।

अधिकारियों ने कहा कि यह रिकवरी उग्रवादी गतिविधियों को रोकने और राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने की चल रही कोशिशों में एक बड़ी कामयाबी है।

# स्टार्मर के कुछ फैसलों से अमेरिका का ब्रिटेन के साथ तालमेल पर असर पड़ा : ट्रंप

वॉशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि लेबर पार्टी के नेता के तौर पर इस्तीफा देने से पहले उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की आलोचना की थी. उन्होंने ऊर्जा नीति और नाटो से जुड़े फैसलों - जिनमें उत्तरी सागर में तेल के लिए ड्रिलिंग पर लगी पाबंदियां भी शामिल हैं - पर असहमति का हवाला दिया था.

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में क्वांटम टेक्नोलॉजी से जुड़े दो एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करने के मौके पर ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ब्रिटेन के नेताओं के सामने एनर्जी सेक्टर में मौकों को गंवाने को लेकर चिंता जताई थी. ट्रंप ने कहा, मैंने उनकी आलोचना सिर्फ इसलिए की क्योंकि मैंने उनसे कहा था, आप एनर्जी के मामले में बहुत गड़बड़ कर रहे हैं. आपने हर जगह विंडमिल लगा रखे हैं जबकि आपके पास उत्तरी सागर में तेल है, और आप किसी को भी ड्रिलिंग नहीं करने दे रहे हैं.

डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि उत्तरी सागर में के कुछ हिस्सों में काफी संभावनाएँ हैं जिनका अभी तक इस्तेमाल नहीं किया गया है, लेकिन पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं की वजह से उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया है. ट्रंप ने कहा, उत्तरी सागर का एक बड़ा हिस्सा ब्रिटेन के पास है. वे इसे पर्यावरण से जुड़े कारणों से नहीं करना चाहते. ट्रंप ने नाटो से जुड़े



सहयोग को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रवैये की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि कुछ फैसलों की वजह से अमेरिका के साथ तालमेल पर असर पड़ा.

उन्होंने कहा, नाटो के मामले में उनका रवैया हमारे प्रति अच्छा नहीं था. इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ, लेकिन मैं उनके अच्छे भविष्य की कामना करता हूँ. अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि ब्रिटेन के सामने कई घरेलू चुनौतियां हैं. उन्होंने कहा, लेकिन उनके सामने दो समस्याएं हैं. ऊर्जा और आप्रवासन और अपराध. ट्रंप की यह टिप्पणी तब आई है जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने लेबर पार्टी के नए नेता एंडी बर्नहम से चुनौती मिलने के बाद पार्टी के नेता पद से इस्तीफे की घोषणा की.

सोमवार को एक बयान में स्टार्मर ने कहा, मैंने जो भी फैसला लिया है, उसमें मैंने हमेशा उस देश को प्राथमिकता दी है जिससे मैं प्यार करता हूं. इसीलिए मैं लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे रहा हूं. स्टार्मर ने यह भी कहा कि वह लेबर पार्टी की नेशनल एग्जीक्यूटिव कमिटी से लीडरशिप चुनाव का टाइम-टेबल तय करने के लिए कहेंगे, जिसमें नॉमिनेशन 9 जुलाई से शुरू होंगे.

उन्होंने कहा कि लीडरशिप की प्रक्रिया पूरी होने तक वह प्रधानमंत्री के पद पर बने रहेंगे और सत्ता का सुचारू रूप से हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे. अगर मुकाबला होता है, तो इससे यह सुनिश्चित होगा कि सितंबर में संसद के दोबारा शुरू होने से पहले नया नेता चुन लिया जाए.उन्होंने कहा, जब तक यह मुकाबला पूरा नहीं हो जाता, मैं प्रधानमंत्री के पद पर बना रहूंगा और सत्ता का सुचारू रूप से हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा. ब्रिटेन के पीएम के इस्तीफे से पहले रविवार को ट्रंप ने दावा किया था कि स्टार्मर आव्रजन और ऊर्जा नीति पर बुरी तरह विफल रहने के कारण पद छोड़ देंगे.

## नेपाल में दृष्टिविहीनों का सरकार के विरोध में धरना, वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग

काठमांडू, (आरएनएस)। नेपाल में दृष्टिविहीन लोगों ने मंगलवार को सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। स्वरोजगार के जरिए जीवनयापन कर रहे दृष्टिविहीन व्यवसायियों का समूह वैकल्पिक व्यवस्था की मांग को लेकर आंदोलन में उतरा है।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार के विभिन्न निकाय सड़क किनारे बने उनके कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं और धरपकड़ कर उन्हें रोज़गार करने से रोका जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकारी निकाय जबरन उन्हें वहां से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेज धूप, बारिश, धूल और प्रदूषण सहते हुए सड़क किनारे काम करना उनकी पसंद नहीं, बल्कि मजबूरी है।दृष्टिविहीन व्यवसायियों का कहना है कि जब तक राज्य उनकी आजीविका के लिए उचित विकल्प उपलब्ध नहीं कराता, तब तक उन्हें इस तरह काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## चीन के विदेश मंत्री यी ने एनएसए डोभाल से आपसी सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा : चीनी दूतावास



नई दिल्ली (आरएनएस)। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात को काफी अहम बताया। दोनों के बीच बैठक में द्विपक्षीय संबंधों तथा वैश्विक सहयोग पर चर्चा की गई। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने इसे लेकर बयान जारी किया।एक्स पर दिए बयान के मुताबिक वांग यी ने कहा, "दुनिया की दो सबसे अधिक आबादी वाले देश होने के नाते चीन और भारत को अपने संबंधों को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सहयोग को आगे बढ़ाना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अपने नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमतियों को ठोस कदमों के माध्यम से लागू करना चाहिए, ताकि सहयोग के जरिए विकास और आधुनिकीकरण को गति दी जा सके, खासतौर पर ग्लोबल साउथ के विकास के संदर्भ में ऐसा हो।वांग ने यह भी कहा कि एक-दूसरे के "मूल हितों" का सम्मान करना आवश्यक है और संवेदनशील मुद्दों को उचित तरीके से संभाला जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीन-भारत सीमा मुद्दे को इस तरह रखा जाना चाहिए कि वह समग्र द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित न करे।

उन्होंने दोनों देशों से यह भी आग्रह किया कि समाज के विभिन्न वर्गों में एक सही समझ विकसित की जाए ताकि जनमत और सामाजिक आधार मजबूत हो सके और संबंधों में सुधार की दिशा में मदद मिले।

चीन ने भारत के ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान उसकी भूमिका को सराहा। साथ ही संगठन के विकास एवं विस्तार के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई।

## स्कूल और कार में टीचर ने बनाए छात्रा से संबंध, VIDEO वायरल होने पर अन्य छात्रों ने किया ब्लैकमेल

जॉर्जिया,(आरएनएस)। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के एक हाई स्कूल में जीव विज्ञान की शिक्षिका पर छात्र के साथ अनुचित संबंध रखने के आरोपों ने सनसनी फैला दी है। मामले की जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि कथित वीडियो और संदेश वायरल होने के बाद कुछ छात्रों ने शिक्षिका को ब्लैकमेल कर परीक्षा में बेहतर अंक दिलाने का दबाव बनाया। पुलिस के अनुसार, 25 वर्षीय शिक्षिका मारिस निकोल्स, जो स्कूल की फुटबॉल टीम के संचालन कार्यों से भी जुड़ी थीं, को मई में गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसियों का आरोप है कि शिक्षिका ने एक छात्र के साथ स्कूल परिसर और बाद में एक वाहन में अनुचित शारीरिक संबंध बनाए। इसके अलावा एक अन्य छात्र के साथ भी अनुचित व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि शिक्षिका द्वारा भेजे गए कुछ आपत्तिजनक संदेश और वीडियो छात्रों के बीच प्रसारित हो गए थे। कथित तौर पर सोशल मीडिया पर सामग्री फैलने के बाद कुछ छात्रों ने शिक्षिका को धमकाते हुए कहा कि यदि उन्हें बेहतर ग्रेड नहीं दिए गए तो वे और सामग्री सार्वजनिक कर देंगे।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अब तक 27 से अधिक तलाशी वारंट जारी कर चुकी है। शिक्षिका के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़, नाबालिगों से संबंधित अपराधों और पद के दुरुपयोग सहित कई गंभीर आरोप दर्ज किए गए हैं। फिलहाल आरोपी शिक्षिका जमानत पर रिहा हैं, लेकिन अदालत ने उन पर अपनी बेटी को छोड़कर अन्य किसी नाबालिग से मिलने पर प्रतिबंध लगा रखा है।




## ईरान संभालेगा होर्मुज जलडमरूमध्य, अमेरिका के साथ मिलकर बनाएंगे केंद्र और हॉटलाइन से सुलझाएंगे समस्या

तेहरान(आरएनएस)। अमेरिका के साथ समझौते के बाद स्विट्जरलैंड में पहले दौर की बातचीत में मौजूद ईरान की ओर से मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गलिबाफ पहली बार मीडिया के सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरा नियंत्रण ईरान का होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ जो समझौता हुआ है, उसी के बनाए गए इंतजाम के तहत होर्मुज को पूरी तरह से ईरान ही संभालेगा।

गलिबाफ ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रबंधन करेगा, उन कानूनों (समझौता) के हिसाब से और ईरान द्वारा बनाए गए इंतजामों के तहत। होर्मुज में दिक्कतें आ सकती हैं। इसलिए, हम एक केंद्र और एक टेलीफोन हॉटलाइन बनाने पर राजी हुए ताकि, 30-दिन के समय में, अगर कोई दिक्कत आती है, तो उसे और तेजी से सुलझाया जा सके। उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान मैं पहला व्यक्ति था जिसने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य अपनी पुरानी स्थिति में वापस नहीं लौटेगा।गलिबाफ ने स्विट्जरलैंड में विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया, मुझे पता चला कि ट्रंप ने हमारे राष्ट्रपति, प्रतिनिधिमंडल और हमलों के बारे में धमकी दी थीं।

## फ्रांस में भीषण गर्मी से 18 की मौत, 2 बच्चों ने गर्म कार में दम तोड़ा

पेरिस (आरएनएस) । यूरोपीय देशों में भीषण गर्मी कहर ढा रही है। फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल में लोग लू से परेशान हैं। फ्रांस में लू के कारण अभी तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें एक गर्म कार में फंसे 2 बच्चे भी शामिल हैं। फ्रांस समेत यूरोप के कई जगह तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। फ्रांस के शहर बोर्डो में तापमान बढ़कर 41.9 डिग्री सेल्सियस हो गया, जबकि पोइटियर्स में तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, दक्षिण-पूर्वी फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण परिवार की कार अत्यधिक गर्म हो जाने से 2 और 4 वर्ष के बच्चों की मौत हुई है। वे वाहन में बेहोश पाए गए थे। पेरिस में तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सप्ताह के मध्य में 40 डिग्री से ऊपर जा सकता है। रेनेस में 40.6 डिग्री, एंगर्स में 40.9 डिग्री, सेंटेस मं 42 डिग्री दर्ज किया गया है। पोइटियर्स में 1947 का रिकॉर्ड टूटा है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की अप्रैल की रिपोर्ट में पाया गया कि यूरोप वैश्विक दर से दोगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। स्पेन के पारंपरिक रूप से ठंडे उत्तरी भाग में स्थित सैन सेबेस्टियन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की आशंका है। ब्रिटेन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस जाने की आशंका है, जो जून का अभी तक का 35.6 डिग्री सेल्सियस का रिकॉर्ड तोड़ेगा। इटली ने अत्यधिक गर्मी के कारण 12 शहरों में रेड अलर्ट जारी किया है।

## दक्षिण कोरिया बैलट पेपर मामलाः विशेष संसदीय समिति ने की पहली सुनवाई

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया में हाल ही में हुए स्थानीय चुनावों के दौरान कई मतदान केंद्रों पर मतपत्रों की कमी मामले को लेकर पूरे देश में हंगामा मचा हुआ है। सरकार पर इसे लेकर काफी दबाव था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए विशेष संसदीय समिति का गठन किया गया। जिसने मंगलवार को अपनी पहली सुनवाई की।

यह जांच उस घटना से जुड़ी है जिसमें 3 जून के स्थानीय चुनावों के दौरान सोल के एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान सामग्री की कमी सामने आई थी। इसके बाद नेशनल असेंबली ने 18 सदस्यीय विशेष समिति का गठन किया था।योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, पूर्व निर्वाचन आयोग (नेशनल इलेक्शन कमीशन) अध्यक्ष रोह ताए-आक ने सुनवाई के दौरान कहा, निर्वाचन आयोग की निगरानी में सामने आई कमियों के लिए वो खुद को जिम्मेदार मानते हैं। वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष वी चुल-ह्वान ने मतदाताओं से औपचारिक माफी मांगते हुए कहा कि मतदान के दौरान लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# फीचर

## मल्टीटैलेंटेड मुक्ति मोहन : अभिनय, नृत्य और होस्टिंग में बनाई अलग पहचान



देश की जानी-मानी प्लेबैक सिंगर नीति मोहन और डांसर व कोरियोग्राफर शक्ति मोहन की बहन मुक्ति मोहन एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। मुक्ति चार बहनों में से एक हैं। नीति मोहन और शक्ति मोहन के अलावा उनकी एक और बहन है, जिनका नाम कृति मोहन है। मुक्ति मोहन ने कई फिल्मों, सीरियलों, वेब सीरीज और रियलिटी शो में अपनी एक्टिंग और हुनर का जादू बिखेरा है। उन्होंने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत 2007 में विशाल भारद्वाज की शॉर्ट फिल्म ब्लड ब्रदर्स से की। इसके बाद वह स्टार प्लस के एक डांस रियलिटी शो जरा नचके दिखा 2 में नजर आईं, जहां उनकी टीम विजेता रही और इस उपलब्धि ने उन्हीं काफी प्रसिद्धि दिलाई।

इसके बाद उन्होंने कॉमेडी सर्कस का जादू और दिल है हिंदुस्तानी 2 जैसे टीवी शो में भी काम किया है। वह झलक दिखला जा और नच बलिए 7 जैसे डांस रियलिटी शोज और फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 7 में भी एक प्रतियोगी के तौर पर नजर आ चुकी हैं।

मुक्ति ने डांसर, कोरियोग्राफर और टेलीविजन होस्ट राघव जयाल के साथ सिंगिंग रियलिटी शो दिल है हिंदुस्तानी 2 की मेजबानी की है। वेब सीरीज की बात करें तो उन्होंने लोकप्रिय वेब सीरीज इनमेट्स के अलावा लाइफ हिल गई, बटरफ्लाइज, ग्यारह ग्यारह, आदि में अभिनय किया है।

मुक्ति की फिल्मों की बात करें तो वह थार, अ वेडिंग स्टोरी, साहेब बीवी और गैंगस्टर, हेट स्टोरी, कांची: द अनब्रेकेबल, मुरां, दारुवू, और टॉपिवाला जैसी फिल्मों में काम कर चुकी है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। मुक्ति अक्सर अपनी बहन शक्ति मोहन के साथ डांस वीडियो शेयर करती रहती है। इसके अलावा फैंस को उनकी कॉमेडी वीडियो भी काफी पसंद आती हैं।

## हुमा कुरैशी की फिल्म बेबी डू डाई डू का टीजर जारी, एक्शन-रोमांच से है भरपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी पिछले कुछ समय से अपनी एक अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म का नाम है 'बेबी डू डाई डू', जो 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. अब मेकर्स ने इस फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी कर दिया है. टीजर वीडियो में हुमा कुरैशी एक किलर के किरदार में नजर आ रही हैं. टीजर को देखकर कहानी के बारे में तो ज्यादा कुछ पता नहीं चलता है, लेकिन ऐसा लगता है कि हुमा का किरदार अपनी बहन की मौत का बदलने लेने के लिए लोगों का मर्डर कर रही है.टीजर की शुरुआत एक लड़की के वॉयसओवर से होती है. वो कहती है, ये कहानी उस रात शुरू होती है जिस रात मेरा मर्डर हुआ था, लेकिन ये स्टोरी मेरे बारे में नहीं है. ये मेरी गूंगी-बहरी बहन की कहानी है. उसके बाद हुमा कुरैशी के किरदार के एंट्री होती है, जो एक के बाद एक लोगों का मर्डर करती है.

## रोलर स्केटिंग सीखने की सोच रहे हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान

**रोलर स्केटिंग एक मजेदार और रोमांचक गतिविधि है। यह न केवल आपको फिट रखती है, बल्कि आपके संतुलन को भी सुधारती है। अगर आप रोलर स्केटिंग सीखने की सोच रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जो आपको रोलर स्केटिंग में मदद करेंगे। सही जूते चुनें, सुरक्षा उपकरण पहनें, सही तरीके सीखें, नियमित अभ्यास करें और संतुलन बनाए रखें जैसे महत्वपूर्ण सुझावों पर ध्यान दें।**



### सही जूते चुनें

रोलर स्केटिंग के लिए सही जूते का चयन करना बहुत जरूरी है। जूते आरामदायक होने चाहिए ताकि आप लंबे समय तक स्केटिंग कर सकें। इसके अलावा जूतों का आकार और फिटिंग भी सही होनी चाहिए ताकि आपका पैर सही तरीके से जूते में फंसे और फिसले नहीं। अच्छी गुणवत्ता वाले जूते खरीदें जो आपके पैरों को सही सपोर्ट दें और आपको स्केटिंग में मदद करें। ध्यान रखें कि जूतों का तलवा चिकना होना चाहिए ताकि फिसलन बनी रहे।

### सुरक्षा उपकरण पहनें

रोलर स्केटिंग करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना बहुत जरूरी है। सिर पर टोपी, घुटनों पर पैड, कोहनियों पर पैड और कलाई पर गार्ड्स पहनें ताकि अगर गिरते हैं तो चोट कम लगेगी। इन उपकरणों से आप सुरक्षित रहेंगे और आत्मविश्वास के साथ स्केटिंग कर सकेंगे। बच्चों को खासतौर पर सुरक्षा उपकरण पहनाने पर जोर दें ताकि वे भी सुरक्षित रहें और बिना किसी डर के स्केटिंग का आनंद ले सकें। सुरक्षा उपकरण पहनकर आप अधिक आराम महसूस करेंगे।

### सही तरीके सीखें

रोलर स्केटिंग सीखते समय सही तरीके बहुत अहम होते हैं। पहले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करें, फिर धीरे-धीरे गति बढ़ाएं। हाथों को संतुलन बनाए रखने के लिए खुला रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें ताकि फिसलन बनी रहे। इसके अलावा मुड़ते समय शरीर को हल्का झुकाएं ताकि मोड़ आसानी से कट सके। नियमित अभ्यास से आप इन तरीकों में माहिर हो सकते हैं और रोलर स्केटिंग का पूरा मजा ले सकते हैं।

### नियमित अभ्यास करें

रोलर स्केटिंग में माहिर बनने के लिए नियमित अभ्यास करना बहुत जरूरी है। रोजाना कुछ समय निकालकर स्केटिंग करें और अपनी गलतियों से सीखें। धीरे-धीरे आपकी स्केटिंग में सुधार होगा और आप अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे। इसके अलावा अलग-अलग सतहों पर स्केटिंग करने की कोशिश करें ताकि आप हर तरह के माहौल में सहज हो सकें। इससे आपकी तकनीक और संतुलन दोनों बेहतर होंगे और आप रोलर स्केटिंग का पूरा मजा ले सकेंगे।

### संतुलन बनाए रखें

संतुलन बनाए रखना रोलर स्केटिंग का सबसे अहम हिस्सा है। हमेशा अपने वजन को दोनों पैरों पर बराबर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें ताकि फिसलन बनी रहे। इसके अलावा हाथों को खुला रखें ताकि संतुलन बनाए रखना आसान हो। इन सरल टिप्स को अपनाकर आप रोलर स्केटिंग सीख सकते हैं और इसका पूरा मजा ले सकते हैं। याद रखें कि किसी भी नई गतिविधि को सीखने में समय लगता है, इसलिए धैर्य रखें और नियमित अभ्यास करें।

## घर की सफाई को आसान बना सकते हैं ये एसेंशियल ऑयल, ऐसे करें इस्तेमाल

घर की सफाई के लिए अक्सर हम महंगे और केमिकल युक्त क्लीनर का सहारा लेते हैं, जो न केवल महंगे होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे में कुछ आवश्यक तेलों का उपयोग करके घर की सफाई करना न केवल सस्ता हो सकता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहतर है। आइए जानते हैं कि किन-किन एसेंशियल ऑयल्स का उपयोग घर की सफाई के लिए किया जा सकता है।

### नींबू का तेल

नींबू का तेल एक बहुत अच्छा आवश्यक तेल है, जो आपके घर को ताजगी भरा बना सकता है। इसे आप फर्श पर पोछा लगाने के लिए या दीवारों और फर्नीचर की सफाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा यह कीटाणुओं को भी नष्ट करता है और एक सुखद खुशबू छोड़ता है। नींबू के तेल को पानी में मिलाकर इस्तेमाल करने से सफाई भी बेहतर होती है और घर की हवा भी ताजगी भरी लगती है।

### लैवेंडर का तेल

लैवेंडर का तेल न केवल घर को साफ रखता है बल्कि एक आरामदायक खुशबू भी देता है। इसे आप बाथरूम या रसोई में छिड़क सकते हैं ताकि कीटाणु खत्म हों और बदबू दूर हो जाए। इसके अलावा यह तेल आपके मन को शांत करता है और तनाव को दूर करता है। लैवेंडर के तेल का उपयोग करने से आपके घर का माहौल भी ताजगी भरा और



आरामदायक बन जाता है, जिससे आप और आपका परिवार खुश रहते हैं।

### टी ट्री का तेल

टी ट्री का तेल एक असरदार आवश्यक तेल है, जो बैक्टीरिया और फंगस को खत्म करने में मदद करता है। इसे आप अपने कपड़ों के धोने वाले पानी में डाल सकते हैं या फिर पानी में मिलाकर छिड़क सकते हैं। यह न केवल कपड़ों को साफ करता है बल्कि गंदगी और कीटाणुओं को भी नष्ट करता है। इसके अलावा यह आपके कपड़ों को ताजगी भरी खुशबू भी देता है, जिससे आपका धुलाई का अनुभव और भी बेहतर हो जाता है।

### पुदीना का तेल

पुदीना का तेल एक ताजगी भरा आवश्यक तेल है, जो आपके घर की हवा को ताजगी भरी बना सकता है। इसे आप कचरा पेटी या फ्रिज में छिड़क सकते हैं ताकि बदबू दूर हो जाए। इसके अलावा इसे आप फर्श पर पोछा लगाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। पुदीना का तेल का उपयोग करने से आपके घर का माहौल भी ताजगी भरा और आरामदायक बन जाता है, जिससे आप और आपका परिवार खुश रहता है।

### रोजमेरी का तेल

रोजमेरी का तेल एक आवश्यक तेल है, जो कीटाणुओं को मारने और ताजगी देने में मदद करता है। इसे आप रसोई के कटिंग बोर्ड आदि की सफाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि बैक्टीरिया नष्ट हों और बदबू दूर हो जाए। इन आवश्यक तेलों का उपयोग करके आप अपने घर को न केवल साफ-सुथरा रख सकते हैं बल्कि प्राकृतिक रूप से ताजगी भी दे सकते हैं। इनसे आपका घर खुशबूदार रहेगा और सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा।

## खेत में कहर बनकर गिरी बिजली: पेड़ के नीचे खड़ी 10 गायों की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

बलौदाबाजार, (आरएनएस)। जिले के कसडोल विकासखंड के नागेड़ी ग्राम पंचायत में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली ने बड़ा नुकसान पहुंचाया। तेज बारिश और गरज-चमक के दौरान खेत में चर रही 10 गायें बिजली की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, बारिश शुरू होने पर गायें बचने के लिए खेत में मौजूद एक पेड़ के नीचे एकत्र हो गई थीं। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पेड़ के पास गिरी और सभी गायें उसकी चपेट में आ गईं। बिजली का असर इतना तेज था कि किसी भी पशु को बचाने का मौका नहीं मिला। इस हादसे में पशुपालकों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार पशुपालन है, ऐसे में एक साथ 10 गायों की मौत ने उन्हें गहरा झटका दिया है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। प्रभावित पशुपालकों ने शासन-प्रशासन से प्राकृतिक आपदा के तहत शीघ्र मुआवजा और आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ में झमाझम बारिश, पांच दिन आंधी-तूफान का अलर्ट



रायपुर,(आरएनएस)। मानसून ने छत्तीसगढ़ में अपनी आमद दर्ज करा दी है। दंतेवाड़ा, बीजापुर और राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई है, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। मंगलवार सुबह से ही रायपुर का मौसम बेहद सुहावना बना हुआ है। मानसून ने राज्य के दंतेवाड़ा क्षेत्र से प्रवेश किया है। इसके बाद राजधानी रायपुर, रायगढ़ समेत कई जिलों में सोमवार और मंगलवार को झमाझम बारिश हुई है। जून महीने में अब तक राज्य में सामान्य से करीब 69 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है, जिसकी भरपाई इस मानसूनी तंत्र के आगे बढ़ने से होने की उम्मीद हैमौसम विभाग के अनुसार हवा के कम दबाव का एक लंबा क्षेत्र, जिसे मौसमी भाषा में द्रोणिका कहते हैं, वह राजस्थान से उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार तक बना हुआ है। इसके अलावा एक और ऐसा ही सिस्टम तेलंगाना से लेकर तमिलनाडु तक सक्रिय है। हवा के इन्हीं दो बड़े सिस्टम के कारण छत्तीसगढ़ के मौसम में यह सुखद बदलाव आया है और मानसून आगे बढ़ रहा है।मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले पांच दिनों तक तेज आंधी और झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण छत्तीसगढ़ (बस्तर संभाग) में मानसून के सक्रिय होने से भारी बारिश की संभावना ज्यादा है, जबकि मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों में भी हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी बौछारें पड़ेंगी। प्रदेश के कई हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ (तेज हवाएं) चलने की चेतावनी दी गई है । रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, रायगढ़, जांजगीर, बलरामपुर, अंबिकापुर और जशपुर में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट है।मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की प्रबल संभावना जताई है, जिससे लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है । लोगों को खराब मौसम में सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। हालांकि, अगले दो दिनों तक मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा रह सकता है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव को दी 510 करोड़ रुपये से अधिक के 333 विकास कार्यों की सौगात



**फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और किसान समृद्धि के मॉडल के रूप में उभर रहा है राजनांदगांव : मुख्यमंत्री साय**

रायपुर(आरएनएस)। किसानों की समृद्धि, गांवों का विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव के स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में जिले को 510 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक लागत के 333 विकास कार्यों की सौगात दी।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांदगांव फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और किसान समृद्धि के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी मॉडल के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने शिवनाथ नदी के मोहारा मेला स्थल से ऑक्सीजन जोन तक सस्पेंशन ब्रिज, ईरा एनीकट निर्माण एवं संरक्षण कार्य, कुमरदा-गेंदाटोला-कल्लूबंजारी मार्ग निर्माण और घुमरिया व्यपवर्तन जीर्णोद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा की।उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में किसानों को पारंपरिक धान की खेती के साथ दलहन, तिलहन एवं अन्य लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित किया गया है, जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि खरीफ 2026 से कृषक उन्नति योजना के तहत धान के स्थान पर दलहन, तिलहन अथवा अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे किसानों को फसल विविधीकरण के लिए बढ़ावा मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सुरक्षा दी जा रही है। सरकार किसानों को खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सुशासन की दिशा में सीएम हेल्पलाइन 1076, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं और मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## आबकारी विभाग की हायर वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, दो घायल, नहर में पलटी गाड़ी

मुंगेली, (आरएनएस)। मुंगेली-लोरमी नहर रोड पर सोमवार को आबकारी विभाग के लिए किराए पर ली गई एक चारपहिया वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में जा पलटा, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, मुंगेली विकासखंड के बैगाकापा गांव के तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। नहर रोड स्थित तिराहे के पास सामने से आ रही आबकारी विभाग की हायर वाहन से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान अंकित यादव ने दम तोड़ दिया। वहीं, दो अन्य घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत पर डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं। हादसे के बाद आबकारी विभाग की वाहन सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। वाहन में सवार विभागीय टीम के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। बताया गया कि यह निजी वाहन विभागीय कार्य के लिए किराए पर लिया गया था और घटना के समय टीम क्षेत्रीय दौरे पर निकली थी।

## महासमुंद में चमकी हीरे की उम्मीद: बलौदा-बेलमुंडी ब्लॉक से मिले 5 हीरे, निवेश और रोजगार के खुलेंगे नए रास्ते

महासमुंद, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के खनिज क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महासमुंद जिले के सरायपाली क्षेत्र स्थित बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में वैज्ञानिक अन्वेषण के दौरान पहली बार हीरों की पुष्टि हुई है। एनएमडीसी-सीएमडीसी



लिमिटेड द्वारा 200 टन बल्क सैंपल के परीक्षण के बाद कुल 5 हीरे मिले हैं, जिनका कुल वजन 1.22 कैरेट है। इनमें दो जेम क्वालिटी के हीरे भी शामिल हैं। इस खोज को प्रदेश के लिए निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों का संकेत माना जा रहा है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड के अनुसार, क्षेत्र में स्ट्रीम सेडिमेंट सैंपलिंग, भू-भौतिकीय सर्वे, ड्रिलिंग और वैज्ञानिक परीक्षण के बाद 200 टन खनिज सामग्री का प्रसंस्करण किया गया। परीक्षण के दौरान मिले पांच हीरों ने इस क्षेत्र में हीरा खनिजीकरण की संभावनाओं को मजबूत आधार दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रदेश की प्राकृतिक संपदा और वैज्ञानिक अन्वेषण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खनिज संसाधनों के पारदर्शी दोहन, मूल्य संवर्धन और खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहले से ही लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट और चूना पत्थर जैसे खनिजों का प्रमुख उत्पादक राज्य है। अब हीरे की संभावनाओं की पुष्टि से प्रदेश की खनिज विविधता और मजबूत होगी तथा राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# एक ही रात तीन जगह चोरी: व्यापारियों में दहशत, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

कोरबा (आरएनएस)। शहर में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब दर्री रोड स्थित दो दुकानों में चोरी की वारदात सामने आई। कोरबा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री रोड पर संचालित विशाल ट्रेडर्स और संतोष ट्रेडर्स को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। दोनों दुकानों में शटर तोड़कर चोरी की गई है। जानकारी के अनुसार, दर्री रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष गजानंद अग्रवाल ने सुबह विशाल ट्रेडर्स का शटर क्षतिग्रस्त देखा और इसकी सूचना संचालक को दी। कुछ ही देर में पास स्थित संतोष ट्रेडर्स में भी चोरी का खुलासा हुआ। इसके बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया। विशाल ट्रेडर्स में चोरों ने गोदाम का शटर करीब डेढ़ फीट तक तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन मुख्य दुकान तक नहीं पहुंच सके, जिससे वहां से कोई खास सामान चोरी नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि चोर रात करीब 1.30 बजे यहां घुसे थे। एक चोर का चेहरा खुला था जबकि दूसरे ने गमछे से चेहरा ढका हुआ था।इसके बाद चोर संतोष ट्रेडर्स पहुंचे, जहां से उन्होंने गल्ले में रखी करीब 10 से 15 हजार रुपए नगदी पार कर दी। इस दौरान दोनों चोरों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। दोनों वारदातें दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी मोतीलाल पटेल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डॉग स्क्वाड की मदद से भी सुराग जुटाए जा रहे हैं।इसी रात उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैसमा बाजार चैक के पास स्थित महामाया होटल में भी चोरी की वारदात सामने आई। रात करीब 3.50 बजे दो चोर होटल में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। यह घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

एक ही रात में तीन अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटनाओं से शहर में दहशत का माहौल है। खासकर व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

## जुआ फड़ पर पुलिस ने की कार्रवाई, पुलिसकर्मी समेत कई गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। जिले में अवैध जुए के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ फड़ पर दबिश दी है। राजगामार चैकी प्रभारी विनोद सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में जुआ खेलते हुए कई लोगों को रंगे हाथों पकड़ा गया। खास बात यह रही कि गिरफ्तार आरोपियों में एक पुलिस कर्मचारी भी शामिल है, जिसके पकड़े जाने से महकमे में चर्चा का माहौल बन गया है।जानकारी के अनुसार पुलिस को क्षेत्र में लंबे समय से जुआ संचालित होने की सूचना मिल रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद चैकी प्रभारी ने टीम के साथ मौके पर दबिश दी, जहां कई लोग दांव लगाते मिले। पुलिस ने मौके से नगदी, ताश के पत्ते और जुए में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# खेल समाचार

## 'अपनी खुशी बताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं', पहली बार टीम इंडिया की जर्सी मिलने पर बोले वैभव सूर्यवंशी




नई दिल्ली (आरएनएस)। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से पूरी दुनिया में तहलका मचा देने वाले वैभव सूर्यवंशी ने उस भावनात्मक पल को याद किया है, जब उन्हें पहली बार भारतीय टीम की जर्सी दी गई। वैभव ने कहा है कि उस पल उन्हें लगा कि सबसे पहली बार उन्होंने बैट क्यों उठाया था।बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में वैभव ने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैंने जिस वजह से पहले दिन से बल्ला उठाया और अभ्यास के लिए मैदान पर गया। वह सपना अब पूरा हो गया है। उस सफर का सबसे बड़ा कदम आज पूरा हुआ। मैं सच में इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। वैभव ने कहा, मैंने जब वह टी-शर्ट देखी तो मुझे ऐसा लगा जैसे यह एक सपना हो। मैं मुस्कुराना बंद नहीं कर सका। कभी-कभी ऐसी चीजें हो जाती हैं जिनके बारे में आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। हमें उस समय प्रतिक्रिया देने किए शब्द नहीं मिलते। मुझे भी बिल्कुल ऐसा ही लगा। बीसीसीआई ने वीडियो का कैप्शन दिया है, लेडीज एंड जेंटलमेन, जिस पल का देश इंतजार कर रहा था, वो आ गया है। वैभव सूर्यवंशी टीम इंडिया की जर्सी में, इस बहुत खास पल के गवाह बनें।

# भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए आयरलैंड की टीम का ऐलान, इन खिलाड़ियों को मौका



नईदिल्ली( आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम और आयरलैंड क्रिकेट टीम के बीच 26 जून से 2 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। इसके लिए आयरलैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। लॉर्कन टकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में टीम के नए कप्तान होंगे। 29 साल के टकर ने अपना पहला मैच 2016 में खेला था। भारतीय टीम ने इस सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान पहले ही कर दिया था। ऐसे में आइए पूरी खबर पर एक नजर डाल लेते हैं। मैथ्यू हॉलार्ड और जाय मूंद्रा को पहली बार टीम में जगह मिली है। वहीं, रूबेन विल्सन अभी तक टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके हैं, हालांकि उन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला मैच खेला था। भारत के खिलाफ सीरीज के लिए आयरलैंड टीम: लॉर्कन टकर (कप्तान), रॉस अडेयर, बेन कैलिट्ज, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, मैथ्यू हम्फ्रीज, गैविन होई, मैथ्यू हॉलार्ड, लियाम मैकार्थी, जाय मूंद्रा, हैरी टेक्टर, टिम टेक्टर और रूबेन विल्सन। चोट के कारण 6 खिलाड़ी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। तेज गेंदबाज जोश लिटिल स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबर रहे हैं, जबकि मार्क अडेयर रेक्टस मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। अनुभवी खिलाड़ी पॉल स्टर्लिंग पिंडली की मांसपेशी फटने से जूझ रहे हैं। वहीं, कर्टिस कैंफर हाथ में फ्रैक्चर, बैरी मैकार्थी घुटने के एसीएल के पूरी तरह फटने और जॉर्डन नील कंधे तथा पैर की चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना सके। सीरीज का पहला मुकाबला 26 जून को बेलफास्ट के स्टॉर्मोंट मैदान पर खेला जाएगा, जिसकी शुरुआत भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे होगी। दूसरा और अंतिम टी-20 मुकाबला 28 जून को इसी मैदान पर खेला जाएगा। आयरलैंड के खिलाफ यह सीरीज भारतीय टीम के लिए आगामी चुनौतियों की तैयारी के लिहाज से अहम मानी जा रही है, जबकि मेजबान टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। इस सीरीज में भारत के युवा खिलाड़ियों को मौका मिला है।

भारतीय टीम इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलेगी। उन्हें पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी मिली है। आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए भारतीय टी-20 टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

## फीफा विश्व कप 2026: मिस्र ने न्यूजीलैंड को हराया, 92 साल बाद हासिल की पहली जीत

नईदिल्ली,ी( आरएनएस)। मिस्र फुटबॉल टीम ने फीफा विश्व कप में अपनी पहली जीत के 92 साल के सूखे को खत्म कर दिया है। उसने वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में खेले गए फीफा विश्व कप 2026 में ग्रुप-जी के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। 1934 में अपना पहला विश्व कप करने वाली मिस्र टीम की यह फुटबॉल के महाकुंभ में पहली जीत है। इस जीत के बाद मिस्र के खिलाड़ियों ने बेहद शानदार अंदाज में जश्न मनाया।मैच की शुरुआत को देखकर लगा नहीं था कि मिस्र का 92 साल काउसकी पहली जीत का सूखा खत्म हो जाएगा। न्यूजीलैंड टीम ने 15वें मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली।

## 12 करोड़ के घाटे के साथ डीसी में लौटे ऋषभ पंत, कुलदीप अगले सीजन एलएसजी की जर्सी में दिखेंगे



मुंबई( आरएनएस)। आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने एक बड़ी ट्रेड को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अब एलएसजी से डीसी में चले जाएंगे, जबकि डीसी के कुलदीप यादव अगले सीजन में एलएसजी के लिए खेलते दिखेंगे। गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की।आईपीएल 2025 के लिए हुए मेगा ऑक्शन में एलएसजी ने पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन पंत अब 15 करोड़ में डीसी में वापस लौटेंगे। वहीं, कुलदीप अपनी मौजूदा फीस 13.5 करोड़ रुपये पर ही एलएसजी में जा रहे हैं। आईपीएल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ट्रेड के बाद पंत 15 करोड़ की संशोधित फीस पर डीसी में वापस आएंगे। कुलदीप अपनी मौजूदा फीस 13.50 करोड़ रुपये पर एलएसजी में शामिल होंगे। ऋषभ पंत और कुलदीप यादव दोनों आईपीएल 2024 तक दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक साथ खेल चुके हैं। आईपीएल 2025 और 2026 के लिए पंत एलएसजी से जुड़े थे, लेकिन कुलदीप डीसी का ही हिस्सा रहे।पंत 2016 से 2024 तक डीसी का हिस्सा रहे थे। इस दौरान वह 2021 से 2024 तक टीम के कप्तान भी रहे। पंत ने 43 मैचों में डीसी की कप्तानी की, जिसमें टीम ने 23 मैचों में जीत हासिल की, जबकि 20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

## मां ने गहने बेच मेरे लिए किट खरीदा था, उनके त्याग को सार्थक करना चाहती हूं : क्रांति गौड़



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2026 के लिए इस समय इंग्लैंड में है। 22 साल की दाएं हाथ की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा की रहने वाली क्रांति गौड़ की भारतीय टीम तक पहुंचने की कहानी संघर्षों से भरी रही है। क्रांति ने जियोस्टार पर कहा, मैंने क्रिकेट खेलने के बारे में कभी इतना बड़ा सपना नहीं देखा था। मैं ऐसे गांव से हूं, जहां लड़कियों को आजादी से बाहर निकलने की भी इजाजत नहीं है। लड़कियों को बाहर जाने या कुछ भी करने की कोशिश में लोगों के ताने और बुराई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा सुना है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते रहते हैं वे कभी हारते नहीं हैं। मैं बस चलती रही। मैं गेंदबाजी करती रही, सीखती रही और विश्वास करती रही।

# फीफा विश्व कप 2026: अर्जेंटीना ऑस्ट्रिया को हराकर नॉकआउट में पहुंची, मेसी ने दागे 2 गोल

नईदिल्ली( आरएनएस)। फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के नायक एक बार फिर लियोनल मेसी रहे, जिन्होंने 38वें मिनट में ऐतिहासिक गोल दागा और वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा उन्होंने 90+5वें मिनट में भी गोल किया। ऑस्ट्रिया की टीम का डिफेंस पूरे मुकाबले में खराब रहा। ऐसे में आइए मैच के रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं।

पहले हाफ में अर्जेंटीना को शानदार मौका मिला, जब लाउतारो मार्टिनेज ऑस्ट्रिया के खिलाड़ियों अलेक्जेंडर श्लागर और स्टीफन पॉश की चुनौती के बाद पेनल्टी बॉक्स में गिर गए। रेफरी ने पेनल्टी दी और जिम्मेदारी मेसी ने संभाली। हालांकि, वह इस सुनहरे अवसर को गोल में नहीं बदल सके। उन्होंने बेहद धीमे अंदाज में रन-अप लिया, लेकिन उनका शॉट दाहिने पोस्ट के बाहर चला गया। गोलकीपर सही दिशा में गए, मगर उन्हें गेंद रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं करना पड़ा।

मैच के 39वें मिनट में अर्जेंटीना ने शानदार टीमवर्क का नजारा पेश किया। खिलाड़ियों ने तेजी से पासों का आदान-प्रदान करते हुए गेंद को पेनल्टी क्षेत्र तक पहुंचाया। इसके बाद गेंद मेसी के पास आई और उन्होंने



अपने पुराने अंदाज में सटीक और दमदार फिनिश करते हुए गेंद को गोलकीपर अलेक्जेंडर श्लागर के पास से गोल में पहुंचा दिया। ये इस विश्व कप में उनका चौथा गोल साबित हुआ। अल्जीरिया के खिलाफ उन्होंने हैट्रिक स्कोर किया था।

अर्जेंटीना ने तेज जवाबी हमला बोला, जिसमें जूलियन अल्वारेज बाएं छोर से गेंद लेकर ऑस्ट्रिया के गोल की ओर बढ़े। उनका शॉट गोलकीपर अलेक्जेंडर श्लागर ने रोक लिया, लेकिन रिबाउंड पर गेंद मेसी के पास पहुंच गई। गोल के सामने कई ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी मौजूद थे। मेसी का पहला प्रयास निकोलस सीवाल्ड से टकराकर लौट गया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। दूसरे प्रयास में उनका शॉट केविन डान्सो को पार करते हुए गोल में समा गया।

मेसी के अब फीफा विश्व कप में 18 गोल हो गए हैं। उन्होंने जर्मनी के दिग्गज मिरोस्लाव क्लोजे (16 गोल) को पीछे छोड़ा है। इस सूची में ब्राजील के रोनाल्डो 15 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे और जर्मनी के गर्ड म्यूलर 14-14 गोल के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। 28 मैच खेलने वाले मेसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं।

मेसी के नाम फीफा विश्व कप में एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। ऑस्ट्रिया के खिलाफ पेनल्टी चूकने के साथ वह विश्व कप इतिहास में 3 पेनल्टी मिस करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। विश्व कप में उन्होंने अब तक 7 पेनल्टी लेने का प्रयास किया है, जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन

### सुश्री रेखा ब्यौहार बनी पिपरिया महिला नगर अध्यक्ष

नर्मदापुरम। पिपरिया (निप्र)। समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम पिपरिया नगर की महिला कार्यकारिणी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव ;नीलू प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव प्रांतीय सचिव राजीव खरे की अनुमति उपरांत जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने पिपरिया नगर अध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव की अनुशंसा पर महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन कर 23 जून को घोषित कर दी। जिसमें सुश्री रेखा ब्यौहार अध्यक्ष बबीता खरे उपाध्यक्ष अदिति श्रीवास्तव उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव महासचिव इंदु वर्मा सचिव सीमा श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव सह सचिव ममता श्रीवास्तव कार्यालयीन सचिव संध्या श्रीवास्तव संगठन मंत्री संगीता श्रीवास्तव संगठन मंत्री खुशबू श्रीवास्तव सांस्कृतिक प्रभारी काजल सक्सेना सांस्कृतिक प्रभारी अभिलाषा श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी प्रीति श्रीवास्तव प्रचार मंत्री सुनीता श्रीवास्तव श्रुति राय सविता श्रीवास्तव अलका ब्यौहार कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

## भारतीय डाक विभाग का विशेष अभियान आधार

नर्मदापुरम(निप्र)। भारतीय डाक विभाग नर्मदापुरम संभाग द्वारा आधार नामांकन एवं अपडेट सेवाओं हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों को नया आधार नामांकन आधार में संशोधन बायोमेट्रिक अपडेट मोबाइल नंबर एवं ई.मेल लिंकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रवर अधीक्षक डाकघर नर्मदापुरम संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विशेष अभियान 24 जून 2026 एवं 25 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान सभी आधार केंद्र प्रात: 08 बजे से सायं 06 बजे तक कार्य करेंगेए जबकि प्रधान डाकघरों में सेवाएं सायं 08 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी डाकघर आधार केंद्र में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। नर्मदापुरम संभाग अंतर्गत निम्न डाकघर आधार केंद्रों में विशेष अभियान संचालित किया जाएगा नर्मदापुरम प्रधान डाकघर नरसिंहपुर प्रधान डाकघर पचमढ़ी उप डाकघर पचमढ़ी कैंट उप डाकघर करेली उप डाकघर गाडरवारा उप डाकघर बनखेड़ी उप डाकघर नर्मदापुरम सिटी उप डाकघर गोटेगांव उप डाकघर पिपरिया उप डाकघर हरदा उप डाकघर करकबेल उप डाकघर टिमरनी उप डाकघर एसण्सी रोड उप डाकघर सिवनी मालवा उप डाकघर इटारसी एमडीजी उप डाकघर सोहागपुर उप डाकघर साईं खेड़ा उप डाकघर खिरकिया उप डाकघर माखन नगर उप डाकघर ओण्एई इटारसी उप डाकघर एनवाईसी इटारसी उप डाकघर सिराली उप डाकघर जेण्जी गाडरवारा उप डाकघर सीपी मिल्स उप डाकघर समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि उक्त विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# अग्निवीर और हॉकी स्टार राजवीर सिंह का ऐतिहासिक स्वागत

## ढोल.धमाकों के साथ स्टेशन से गांधी मैदान पहुंचे देश के गौरव

इटारसी (निप्र)। खेल और देश सेवा के संगम का एक अनूठा दृश्य आज इटारसी में देखने को मिला। भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए शहर के होनहार हॉकी खिलाड़ी राजवीर सिंह ;वंशद्ध का 6 महीने का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। राजवीर सिंह सुपुत्र स्वण् प्रभजीत सिंह रिंकू एवं पौत्र अमरजीत सिंह आज सुबह पंजाब मेल ट्रेन से इटारसी स्टेशन पहुंचे।स्टेशन पर उतरते ही उनके साथी हॉकी खिलाडियों और परिजनों ने उन्हें पलकों पर बिठा लिया। वहां से ढोल.धमाकों और पूरे गाजे.बाजे के साथ उन्हें जुलूस के रूप में गांधी मैदान ;हॉकी मैदानद्ध लाया गयाए जहां खेल और सामाजिक जगत की हस्तियों ने उनका अभिनंदन किया।

### खेल भी कैरियर निर्माण में बड़ा योगदान देता है रू साकल्ले

इस गौरवमयी अवसर पर समाजसेवी और वरिष्ठ नेता अशोक साकल्ले विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने राजवीर का उत्साहवर्धन करते हुए कहाए यदि युवाओं को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलेए तो खेल का क्षेत्र भी देश सेवा के साथ.साथ कैरियर बनाने में बड़ा योगदान देता है। राजवीर इस बात की जीती.जागती मिसाल है। उन्होंने राजवीर के इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उनके हॉकी कोच कन्हैया गुरयानी के अथक प्रयासों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

### हॉकी एसोसिएशन और खेल प्रेमियों ने जताया आभार

गांधी मैदान पर आयोजित इस गरिमामयी स्वागत कार्यक्रम में हॉकी नर्मदापुरम इटारसी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर सचिव साजिद मलिक और कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी ने भी शिरकत कर राजवीर को इस दोहरी उपलब्धि ;अग्निवीर एवं हॉकी स्टार पर सम्मानित किया। राजवीर के परिवार ने भी इस भावुक क्षण पर कोच कन्हैया गुरयानी का विशेष आभार प्रकट किया जिन्होंने राजवीर को हमेशा सही दिशा दिखाई।

इस गौरवशाली पल के साक्षी बनने के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी आरिफ खान गरीबा उस्ताद साहिल चौरे सहित बड़ी संख्या में जूनियर हॉकी खिलाड़ी खेल प्रेमी और गुरुनानक पुरा मालवीय गंज के स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## सीएमओ श्री देशमुख ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**अपनी सीट पर उपस्थित रहें कर्मचारी आवेदकों की समस्या का त्वरित समाधान करें**

नर्मदापुरम(निप्र)। मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा नगरपालिका कार्यालय की समस्त शाखा कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बारीकी से अवलोकन करते हुए कार्यालय में स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी सहित अन्य नपा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी से परिचय प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। साथ ही किसी भी प्रकार की पेंडेंसी न हो। जो भी कर्मचारी कार्यालय में ड्यूटी करते हैं वे अपने स्थान उपस्थित रहें। कार्यालय में स्वच्छता बनाए रखें। सभी रिकार्ड सिस्टोमेटिक हो। उन्होंने बताया कि कार्यालय में कभी भी औचक निरीक्षण किया जा सकता है इसलिए अपनी शाखा में समयानुसार उपस्थित रहें।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 133 आवेदकों की समस्याओं का किया समाधान

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, एक सप्ताह में निराकरण के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट स्थित रेवा सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, विद्युत, साफ-सफाई, खाद्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 133 शिकायतें प्राप्त हुईं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनसुनवाई में प्राप्त कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का समाधान अधिकतम एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतों की अद्यतन स्थिति निर्धारित पोर्टल पर नियमित रूप से दर्ज की जाए, ताकि आवेदकों को उनकी शिकायतों की प्रगति की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली आम समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं का प्रभावी निराकरण इस प्रकार किया जाए कि नागरिकों को अपनी शिकायत के समाधान के लिए दोबारा जनसुनवाई में न आना पड़े।जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, श्रीमती सरोज परिहार एवं श्रीमती नीता कोरी ने भी आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोहागपुर निवासी वृद्ध आवेदिका श्रीमती किस्सा बाई मंगलवार को अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। उस समय जनसुनवाई कार्यक्रम समाप्त हो चुका था, लेकिन कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता से उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। श्रीमती किस्सा बाई ने पेंशन नहीं मिलने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने तत्काल उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को निर्देशित किया कि उनकी पेंशन शीघ्र प्रारंभ कराई जाए।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, रसूलिया क्षेत्र की खाद्य दुकानों का औचक निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को रसूलिया क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार द्वारा विभिन्न खाद्य दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान रसूलिया स्थित श्री कृष्णा डेयरी बिना वैध खाद्य लाइसेंस के संचालित होती पाई गई। साथ ही प्रतिष्ठान में वैधता अवधि समाप्त होने के बाद भी खाद्य पदार्थों का विक्रय हेतु संग्रहण पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस जारी करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त निधि डिपार्टमेंटल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मिल्क पाउडर, फूटाने तथा मसालों के नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन एवं अन्य अनियमितताएं पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

# नीट की परीक्षा में भाजपा सरकार ने विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है- शिवाकांत पांडेय

### छात्रों, किसानों की समस्याओं, राममंदिर चढौत्री में चोरी को लेकर कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता में लगाए आरोप

नर्मदापुरम(निप्र)। जिला कांग्रेस ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में केंद्र व राज्य सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि सरकार में बैठे हुए जबावदार का ध्यान देश की जनता की ओर नहीं है। छात्रों, किसानों की समस्याओं, राममंदिर चढौत्री में चोरी व स्थानीय मुद्दों पर कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार के जबावदारों ने कान में रूई भर रखी है। कोई कुछ जबावदारी लेने को तैयार ही नहीं है। नीट की परीक्षा में विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड किया गया।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए था लेकिन उनके कान में जूं नहीं रेंग रही है। नीट की दोबारा परीक्षा कराई उसमें ऐसा लग रहा था कि परीक्षा केंद्र थे या युद्ध का मैदान। भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए गेहूं खरीदी के भुगतान में लेट लतीफी करना, मूंग खरीदी का कोई अता पता नहीं, खाद की किल्लत बनी हुई है खाद के गुणवत्ता का कोई मापदंड नहीं है। कोई लेब नहीं है, देश प्रदेश में किसान परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। लगातार बढ़ती मंहगाई, सड़कों की खराब हालत। तवा पुल में गडबड़ी, जिले में अवैध शराब का कारोबार, सट्टे की गतिविधियां, लखनऊ की घटना, जैसे कई बड़े मुद्दों को कांग्रेस ने प्रेस के समक्ष उठाया।




इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डुन पांडेय, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल, नपा प्रतिपक्ष नेता अनोखे राजोरिया, मधुसूदन यादव, ब्लाक अध्यक्ष अनुराग मलैया, पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, अजय सैनी, अमित खत्री सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## असामाजिक तत्वों द्वारा बार बार डेमेज की जा रही पेयजल सप्लाई

### सीएमओ द्वारा कोतवाली में की गई शिकायत

नर्मदापुरम(निप्र)। हरियाली के पास अमृत पेयजल पाइप लाइन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बार बार फोड़ा जा रहा है। जिससे पेयजल संबंधी समस्या नगर में व्याप्त हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा सिटी कोतवाली में लिखित में आसामाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। जल शाखा प्रभारी श्रीमती रिछारिया ने बताया कि किसी आसामाजिक तत्व द्वारा अमृत पेयजल पाइप लाइन को डेमेज किया जा रहा है। जिससे इस गर्मी के मौसम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है इसकी लिखित शिकायत कर अज्ञात असामाजिक तत्वों पर एफआईआर का आवेदन दिया है। श्रीमती रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देखमुख के निर्देशन में पाइप लाइन रिपेयरिंग का कार्य द्रुतगति से किया जा रहा है। जल्द ही नगर की पेयजल सप्लाई सुचारू हो जाएगी।

## जनजातीय वनग्रामों में विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

नर्मदापुरम(निप्र)। क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने जनपद पंचायत सिवनी मालवा अंतर्गत आदिवासी वनग्राम लोखरताई, सीरूपुरा, पलासी एवं कामठा का भ्रमण कर ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी कराया गया। चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं विधायक श्री वर्मा के समक्ष रखीं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की सतत निगरानी की जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। भ्रमण के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

# खंड स्तरीय जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं, एक सप्ताह में निराकरण के निर्देश

### जनसुनवाई में कैंसर पीड़ित युवक को मिली त्वरित राहत, मौके पर बना बीपीएल कार्ड



नर्मदापुरम (निप्र)। अनुभाग पिपरिया अंतर्गत मंगलवार को आयोजित खंड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसील पिपरिया में आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं बनखेड़ी में आयोजित खंड स्तरीय जनसुनवाई में तहसीलदार बनखेड़ी द्वारा आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में तहसील पिपरिया में कुल 19 तथा बनखेड़ी में 7 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

### जनसुनवाई के आवेदन पर हुई त्वरित कार्यवाही

जनसुनवाई के दौरान पिपरिया निवासी 32 वर्षीय सुमित मेहरा ने गले के कैंसर के उपचार हेतु सहायता की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक ने बताया कि भोपाल स्थित जेके हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत उपचार कराने के लिए उनका नाम पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होने के कारण अस्पताल द्वारा उपचार प्रारंभ नहीं किया जा रहा है।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम आकिप खान ने मौके पर उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से तत्काल राहत प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

हल्का पटवारी को त्वरित कार्रवाई कर आवेदक का नाम बीपीएल श्रेणी में जोड़ने संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। पटवारी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तत्काल स्वीकृति आदेश जारी किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका के माध्यम से बीपीएल प्रमाण-पत्र जारी करवाने की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी को जिला कार्यालय एवं एनआईसी से समन्वय स्थापित कर पात्रता पर्ची तत्काल जारी कराने के निर्देश दिए गए, ताकि आवेदक को आयुष्मान योजना के तहत उपचार का लाभ शीघ्र मिल सके। जनसुनवाई के दौरान ही सुमित मेहरा के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए आवश्यक समस्त प्रशासनिक कार्यवाही पूरी कराई गई। जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए चला विशेष जन-जागरुकता अभियान

### श्रम विभाग के नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स ने किया निरीक्षण, बाल श्रम कानूनों की दी जानकारी



नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 30 जून तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नर्मदापुरम शहर में बाल श्रम की पहचान, रोकथाम एवं विमुक्ति के उद्देश्य से संयुक्त जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन श्रम विभाग के नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स द्वारा किया गया, जिसमें पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।अभियान के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों, व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम निषेध संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। निरीक्षण के समय स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष तक की आयु के किसी भी बालक को किसी भी प्रकार के व्यवसाय, उद्योग या कार्य में नियोजित करना पूर्णत: प्रतिबंधित है। साथ ही बताया गया कि 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक श्रेणी के कार्यों, जैसे खनन, ज्वलनशील पदार्थों, विस्फोटकों तथा अन्य परिसंकटमय प्रक्रियाओं से जुड़े उद्योगों में नियोजित करना कानूनन अपराध हैश्रम निरीक्षक श्रीमती ज्योति पी.ए. ने बताया कि बालकों का किसी भी संस्थान में नियोजन तथा किशोर श्रमिकों को खतरनाक उद्योगों में कार्य पर लगाना संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है।

## नवांकुर अभियान के तहत ग्राम उमरिया आश्रम में 1100 पौधों के रोपण का लिया गया संकल्प

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित नवांकुर अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री कल्याण शक्तिपीठ के सहयोग से अनुभाग सिवनी मालवा की तहसील शिवपुर अंतर्गत ग्राम उमरिया स्थित आश्रम परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आश्रम परिसर में कुल 1100 पौधों के रोपण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के प्रतिनिधि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।पौधारोपण कार्यक्रम के पूर्व आश्रम परिसर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी, उप वनमंडल नर्मदापुरम (सामान्य)**

क्रमांक/राजसात/1800 नर्मदापुरम दिनांक 27/05/2026

**सूचना विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ**

वाहन में हित रखने वाले समस्त व्यक्ति/संस्था इत्यादि को सूचित किया जाता है कि नर्मदापुरम (सामान्य) वनमण्डल के अंतर्गत दिनॉक **30-09-2025** को अवैध रूप से **सतकटा प्रजाति की वनोपज 251 नग 3.478 घ.मी.** का परिवहन करते समय प्रयुक्त वाहन **टाटा EX709 Turbo पंजीयन नंबर MP09GE8027, Chassis No. U025QZ607674 Engine No. FQZ-8-21113** को जप्त किया गया है। वाहन को राजसात किये जाने हेतु वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17002/06 दिनांक 30-09-2025 अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है। परिवहन विभाग की बेवसाईट पर सर्च करने पर उक्त वाहन का विवरण नहीं मिल रहा है। उक्त वाहन प्रकरण के **वाहन मालिक सुखराम टेकाम, मोहल्ला बासनिया पोस्ट- सिलवानी** (परिवहन विभाग की बेवसाईट के अनुसार) वाहन मालिक है। मौके पर अवैध सतकटा वनोपज परिवहन के दौरान जप्त किया गया है जिसके आरोपी अज्ञात है।

अत: सर्व साधारण एवं वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि वाहन में हित रखता हो, वह व्यक्ति/संस्था विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपवनमंडल (सामान्य) नर्मदापुरम में दोपहर 12 बजे उपस्थित होकर अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के पश्चात् प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी।

जी/14766/26

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वनमण्डलाधिकारी
उप वनमंडल नर्मदापुरम ( सामान्य )

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com